26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 3 अप्रैल, 2026

अंक- 158 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## 20 लाख जनधन खातों में एक पैसा नहीं

उत्तर प्रदेश के 8 जिलों में खोले गए 20 लाख जनधन खातों में एक भी पैसा नहीं है। इनमें चार जिले पूर्वांचल और चार पश्चिमी यूपी के हैं। इनमें महिलाओं के खाते पुरुषों से ज्यादा हैं। ये खाते बैंकों के लिए बोझ बन गए हैं, क्योंकि इन्हें सक्रिय रखने के लिए बैंकों को सालाना 700 करोड़ रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। वहीं, बैंकों ने शून्य बैलेंस वाले इन खातों को मनी म्यूल अकाउंट के रूप में संदिग्ध श्रेणी में डाल दिया है।




सभी विषय हेतु शिक्षिकाएं तथा चौकीदार, माली, सेविकाएं आवेदन करें- मो. 9837801885, 9927979617

# पाकिस्तान में फूटा 'फ्यूल बम'

## पेट्रोल 458, डीजल 500 के पार

### दाम देख आवाम के छूटे पसीने, महंगाई से त्राहिमाम



इस्लामाबाद(एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग के साथ वैश्विक तेल कीमतों में उछाल पाकिस्तान की जनता पर कहर बनकर टूट रहे हैं। दरअसल, पाकिस्तान की सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि की घोषणा की है। पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत में 43 प्रतिशत और हाई-स्पीड डीजल में 55 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई है, जो तुरंत लागू हो गई है। नई दरों के तहत पेट्रोल की कीमत 137.23 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 458.41 रुपये हो गई है, जबकि डीजल की कीमत 184.49 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 520.35 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसके अलावा केरोसिन की कीमत में भी 34.08 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। सरकार ने डीजल की कीमतों के असर को सीमित करने के लिए पेट्रोलियम लेवी में बदलाव किया है। पेट्रोल पर लेवी बढ़ाकर 160 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है, जबकि डीजल पर इसे शून्य कर दिया गया है। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने एक न्यूज चैनल पर कहा कि ये कठिन, लेकिन जिम्मेदार फैसले व्यापक स्तर पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सैन्य नेतृत्व और प्रांतीय मुख्यमंत्रियों के साथ विचार-विमर्श के बाद लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस फैसले का मकसद जरूरतमंद वर्गों तक ही सब्सिडी सीमित रखना और आर्थिक स्थिरता बनाए रखना है। सरकार ने राहत उपायों के तहत दोपहिया वाहन चालकों को तीन महीने तक प्रति माह 20 लीटर तक 100 रुपये प्रति लीटर की सब्सिडी देने की घोषणा की है। छोटे किसानों को फसल के समय एक बार के लिए 1,500 रुपये प्रति एकड़ की सहायता मिलेगी। डीजल आधारित माल और यात्री परिवहन के लिए भी 100 रुपये प्रति लीटर की सब्सिडी दी जाएगी, जिसकी हर महीने समीक्षा होगी।

## संभल एसपी की शादी में पहुंचे सपा विधायक, अखिलेश हुए नाराज

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संभल के एसपी केके बिश्नोई और बरेली की आईपीएस अंशिका वर्मा की शादी में शामिल होने वाले अपने तीन विधायकों के प्रति नाराजगी व्यक्त की है। संभल से विधायक इकबाल महमूद, असमोली से पिंकी यादव और गुन्नौर से रामखिलाड़ी सिंह यादव बीते दिनों जोधपुर में आयोजित इस विवाह समारोह में पहुंचे थे। गुरुवार को लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने स्पष्ट कहा कि विधायकों को इस शादी में शामिल नहीं होना चाहिए था। संभल में हुए पिछले बवाल के बाद पुलिस प्रशासन और सपा के बीच उपजे तनाव के मद्देनजर अखिलेश यादव का यह रुख काफी सख्त माना जा रहा है। पार्टी अब अपने विधायकों को अधिकारियों से दूरी बनाए रखने की नसीहत दे रही है। अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायकों के इस कदम को गलत ठहराया। जब उनसे संभल और बरेली के अफसरों की शादी में विधायकों की मौजूदगी पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा, विधायकों को शादी में शामिल नहीं होना चाहिए था। यह बात हम लोग आपस में बैठकर उन्हें समझाएंगे।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में

शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल मैनेजर व मैकेनिक की।

सम्पर्क करें- मो. 9084329100

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# सपाइयों ने खूब हंगामा काटा, भाजपा में पूरी तरह सन्नाटा

बिजनौर (चिंगारी)। तालिब बंधुओं और पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह के बीच चल रहे विवाद को लेकर एक ओर जहां समाजवादी पार्टी हमलावर है, वहां दूसरी ओर भाजपा में पूरी तरह सन्नाटा है। जिले के छोटे-बड़े सभी भाजपा नेता चुप्पी साधे हुए हैं, जबकि समाजवादी पार्टी के अनेक नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने बयान जारी कर तालिब बंधुओं को खुला समर्थन देते हुए भाजपा पर निशाना साधा है।

बुधवार को तालिब बंधुओं की आरा मशीन पर हुये घटनाक्रम के बाद समाजवादी पार्टी ने आक्रामक रूख अपनाते हुए भाजपा और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाये। सांसद कुंवरानी रुचि वीरा सहित कई जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नेताओं ने खालिद बंधुओं के पक्ष में बयान जारी किये। साथ ही कई नेताओं ने कल अधिकारियों को ज्ञापन देकर तालिब बंधुओं के साथ कथित नाइंसाफी पर सवाल उठाये।

उधर, इस प्रकरण को लेकर पूर्व सांसद भारतेन्द्र सिंह पार्टी में अकेले पड़ते नजर आ रहे हैं। जिले के अधिकतर नेताओं ने इस मुद्दे पर उनसे किनारा कर लिया है। भाजपा का कोई भी नेता बोलने को तैयार नहीं है। घटनाक्रम को हुए तीन दिन हो गए हैं, लेकिन भाजपा की तरफ से किसी भी नेता या पदाधिकारी का कोई बयान मीडिया में नहीं आया है। भारतेन्द्र सिंह के समर्थक जरूर सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। उनके सबसे करीबी संजय त्यागी ने सोशल मीडिया पर बेहद तीखी पोस्ट की थी, जिसे बाद में उन्होंने डिलीट कर दिया। कहा कि भावावेश में आकर पोस्ट की थी। हालांकि संजय त्यागी ने भाजपा के नेताओं की चुप्पी पर गहरी नाराजगी प्रकट की है। उनका कहना है कि राजा भारतेंद्र सिंह अपने लिये नहीं, बल्कि पार्टी और समाज के लिये माफियाओं से लड़ रहे हैं।

उधर, जिले के एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने अपना नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'अब बहुत हो चुका। मामले को इतना लम्बा खींचना ठीक नहीं है। तालिब बंधुओं को काफी सजा मिल चुकी है'।

## भारतेंद्र बोले- जहां कार्यकर्ता, वहां मैं!



**राजा भारतेन्द्र सिंह तालिब बंधुओं की आरा मशीन पर क्यों गए? खुद भारतेन्द्र सिंह ने इस सवाल का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे वहां पर बुलाया गया कागज देखने के लिए। चूंकि जांच मेरे प्रार्थना पत्र पर हो रही है। मुख्यमंत्री जी को मैंने जाकर प्रार्थना पत्र दिया था। मैं बार-बार जाकर मुख्यमंत्री को यहां की जमीनी हकीकत के बारे में बता चुका हूं। जब तुषार मलिक, सुधांशु और नरेन्द्र अपनी जान जोखिम में डालकर वहां पहुंच गए, तो क्या मेरा वहां जाना उचित नहीं है। क्या नेता पीछे बैठे रहेंगे और कार्यकर्ता शहीद होते रहेंगे। यह संस्कृति भारतीय जनता पार्टी की नहीं है। पहले मैं जाऊंगा, उसके बाद कार्यकर्ता जाएंगे। कार्यकर्ता ही नहीं, जहां भी मेरे मतदाताओं पर जरा भी आंच आएगी, वहां निश्चित ही वहां जाऊंगा।**

### अफसर भी परेशान

तालिब बंधुओं और पूर्व सांसद भारतेन्द्र सिंह के बीच चल रहे विवाद से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी आजिज आ गए हैं। सूत्रों के अनुसार जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस मामले में प्रशासन द्वारा तालिब बंधुओं के विरुद्ध अब तक की गई कार्रवाई से भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए हस्तक्षेप की गुजारिश की है।

## अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई हो- नजाकत

कांग्रेस कार्यकर्ता नजाकत अली कम्भौर ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आरा मशीन प्रकरण में प्रशासन की लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन को पता था कि दोनों गुटों के बीच विवाद चल रहा है, फिर एडीएम ने पूर्व सांसद को फोन कर क्यों बुलाया। अगर कोई बड़ी घटना हो जाती, तब कौन जिम्मेदार होता। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व अन्य लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

## शहर के सौहार्द को खतरे में डाला जा रहा- हुमायूं बेग

कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष हुमायूं बेग ने एक बयान में कहा कि भाजपा के पूर्व सांसद द्वारा सिर्फ अपने राजनीतिक फायदे के लिये आपसी सौहार्द को खतरे में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि तालिब बंधुओं पर जुल्म की इंतेहा हो गई है। पूर्व सांसद यह कहना कि एडीएम ने फोन करके उन्हें बुलाया था, अगर यह सच है तो बहुत गंभीर बात है। इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा 2027 के चुनाव से पूर्व साम्प्रदायिकता फैलाकर धुव्रीकरण करना चाहती है।

## बिजनौर में माहौल बिगाड़ने की साज़िश सफल नहीं होने देगी सपा



### अनुज मलिक का पूर्व सांसद पर तीखा हमला

बिजनौर (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के नेता अनुज मलिक ने अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में तालिब-खालिद प्रकरण पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पर माहौल बिगाड़ने की साज़िश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने साफ कहा कि बिजनौर विदुर की धरती है, जहां सदियों से अमन-चैन और भाईचारे की परंपरा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर खराब नहीं होने दिया जाएगा। अनुज मलिक ने पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि वे एक सामान्य विवाद को राजनीतिक रंग देकर अपनी 'राजनीतिक रोटियां सेकने' की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद को तालिब की आरा मशीन पर नहीं जाना चाहिए था। यदि माहौल खराब हो जाता तो कौन ज़िम्मेदार होता। उन्होंने ये भी कहा कि इस पूरे मामले को अनावश्यक रूप से तूल दिया गया। अनुज मलिक ने कहा कि प्रशासन अपना काम कर रहा है, उसे बिना किसी दबाव कार्य करने देना चाहिए। प्रेस वार्ता में ग्रामीण क्षेत्र से आए जाट समाज के लोगों ने एक स्वर में कहा कि वे जनपद के सदियों पुराने भाईचारे को टूटने नहीं देंगे और किसी भी तरह की विभाजनकारी राजनीति का विरोध करेंगे। इस मौके पर प्रभा चौधरी, कामेन्द्र चौधरी, सत्यपाल, कमलेश भुइयार, मुबशिर मानू सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय जमापुर में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**स्योहारा (चिंगारी)।** कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय जमापुर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त विद्यालय के 251 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में एडीओ पंचायत अनिल कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल, शील्ड एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। कक्षा आठ में प्रथम स्थान आशीष चौहान, द्वितीय स्थान रंशु तथा तृतीय स्थान हिमानी चौहान, कक्षा सात में क्रमशः राधिका, सिद्धार्थ कौशिक, ईशा मलिक, कक्षा छह में क्रमशः सुशांत, हर्ष एवं गुंजन, कक्षा पांच में जिया, तनिष्का एवं अंशिका, कक्षा चार में यश, प्रिंस एवं अवनी, कक्षा तीन में यशपाल, निशांत एवं कार्तिक, कक्षा दो में अश्वनी, प्रिया, दीपिका, कक्षा एक में कृतिका, अवनी, अक्षिता क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। एडीओ पंचायत अनिल कुमार द्वारा कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया गया। नवीन प्रवेशित छात्रों को पुस्तक वितरण की गई। कार्यक्रम का संचालन कपिल कुमार एवं अध्यक्षता प्रधानाध्यापक राकेश कुमार द्वारा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक पवन देवी, चित्रा रानी, अनुपम कुमार, विजेता रानी, अमर कुमार, पंकज कुमार पाल, प्रशांत नामदेव, दीपांकर मंडल, राजेश कुमार का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में स्कूल के समस्त छात्रों सहित अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।




## क्षेत्र में हनुमान जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली के कुएं वाले हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर मंदिर में विराजमान गणेश भगवान व महाराज हनुमान जी को पंचामृत से स्नान कराकर सुन्दर वस्त्र धारण कराए गए। पंडित अरविंद कुमार शुक्ला व पंडित माधव शुक्ला ने मंत्रोचारण के साथ यजमान नरेश कर्णवाल-रमता कर्णवाल, नरेंद्र शर्मा-सुमन शर्मा, मोहित कर्णवाल-रूपाली कर्णवाल, मुकेश कर्णवाल-सीमा कर्णवाल, नरेश त्यागी-ब्रजबाला त्यागी, सुशील वालिया-सुधा वालिया, अनुज चौधरी-ज्योति चौधरी, भूपेंद्र चौहान-बबीता चौहान, कर्णवीर चौधरी-प्रियंका चौधरी सहित सभी श्रद्धालुओं को हवन में आहुतियां प्रदान कराई। सुन्दर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भगवान गणेश व हनुमान की आरती कर प्रसाद का भोग लगाकर कन्याओं को जिमाया। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को पवन त्यागी की ओर से प्रसाद वितरित किया गया। हनुमान जयंती के मौके पर मंदिर परिसर पर रात्रि में जगदम्बे म्यूजिकल ग्रुप धामपुर की ओर से भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें लवकुश शर्मा, मयंक शर्मा, पूजा शर्मा, सत्यम सिंह ने सुन्दर भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति में लीन कर भावविभोर कर दिया। इस मौके पर पंडित महेश शर्मा, राजकुमार प्रजापति, सुरेश प्रजापति, बंटी कर्णवाल, सुधांशु प्रजापति, आनंद चौहान, अर्जुन चौहान, अजीत सैनी, सुनीता कर्णवाल, राधा कर्णवाल, लक्ष्मी कर्णवाल, कौशल्या, मनोज चौहान, लक्ष्मी चौहान, मोहित वालिया, बबली, माया देवी, नीलम कर्णवाल, पूनम रानी, मीना देवी, बेबी कर्णवाल, कांता चौहान, सन्नी चौहान उर्फ भूरे, रिंकू चौहान, अनमोल चौहान, पंकज त्यागी, देवेंद्र शर्मा, गौरव, रेनू शर्मा, देव अग्रवाल, अथर्व वालिया, शिवाय वालिया, मोनू चौहान, पंकज कुमार, डुग्गु चौधरी, रमा चौधरी, बेबी चौधरी, जोनी अग्रवाल, प्रतीक्षा त्यागी, संयम त्यागी, आदित्य कर्णवाल, तरंग कर्णवाल, वंश कर्णवाल, अकसु, बलविंद्र, माधव कर्णवाल, दक्ष शर्मा, रिया शर्मा, अशोक कर्णवाल, सुमन देवी, राजीव चौहान, कुमुद चौहान, डोली चौहान, सुमन चौहान, लवी अग्रवाल, वासु अग्रवाल, मुंशी लाला, प्रियांशी, आदि श्रद्धालु मौजूद रहे। मंडावली क्षेत्र के सिकरोड़ा, काशीरामपुर, भागूवाला, कांठपुर आदि गांव में भी हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।



# छोटे हाथी ने टक्कर मारी, हालत गंभीर

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** सड़क हादसे में एक 48 वर्षीय व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया जबकि उसका साथी बाल-बाल बचा। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार रतनपुर खुर्द गांव निवासी कप्तान सिंह सुबह सवेरे अपने साथी संजीव कुमार के साथ रोजमर्रा की तरह मॉर्निंग वॉक पर गए थे। जैसे ही चांदपुर-बिजनौर मार्ग पर रावटी के समीप पहुंचे, अचानक छोटे हाथी ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह कई फीट दूर जा गिरे और बेहोश हो गए कानों से खून बहता देख सभी घबरा गए आनन फानन में परिजन उपचार हेतु चांदपुर ले गए। गंभीर हालत देखते हुए बिजनौर रैफर कर दिया गया ग्रामीणों द्वारा छोटा हाथी और उसके चालक को पकड़ लिया गया है।

# हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी



बालिकाओं को जागरूक करते एसआई प्रमोद कुमार।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार,कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक श्रीकान्त सत्यार्थी, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, महिला कांस्टेबल ममता ने बालिकाओं को अभियान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन के विषय में जानकारी देते हुए साइबर अपराध के लिए 1930,आपातकालीन संपर्क 112 तथा 108 स्वास्थ्य सेवाएं आदि के बारे में बालिकाओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता, डायरेक्टर गौरव गोयल और प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा व समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# बाबू अमीन एडवोकेट ने कराया ईद मिलन कार्यक्रम



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला सिविल बार हाल में बाबू अमीन एडवोकेट द्वारा ईद मिलन समारोह आयोजित कर अधिवक्ता साथियों को को जलपान कराया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू अमीन साहब पिछले 50 वर्षों से प्रत्येक वर्ष ईद उल फितर के उपरांत सभी अधिवक्ता ईद मिलन समारोह आयोजित करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में सिविल बार हाल मे सभी अधिवक्ताओं को प्रेम व सम्मान से जलपान कराया गया। कार्यक्रम में सिविल बार के अध्यक्ष बाबू तारा सिंह, मंत्री सौरभ रस्तोगी, वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र सिंह, राजकुमार गुप्ता, काजी नदीम, जिला बाल के निवर्तमान महामंत्री विशाल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मोहम्मद सदीक एडवोकेट व अन्य कई वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# वार्षिक परीक्षाफल घोषित



**हल्दौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर सधीरन के प्राथमिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर रिपोर्ट कार्ड का वितरण किया गया। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। गुरुवार को विद्यालय में आयोजित रिपोर्ट कार्ड वितरण कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान और वरिष्ठ भाजपा नेता वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान, ग्राम प्रधान महेश कुमार, हेड मास्टर कालीम बेग आदि ने विद्यालय के बच्चों को रिपोर्ट कार्ड देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उन्हें सम्मानित किया और नई कक्षा के प्रवेश पर सभी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राजीव कुमार, प्रियंका व अनुपम मैडम आदि उपस्थित रहे।

# फांसी लगाकर आत्महत्या की

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक कुछ दिनों से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। जानकारी के अनुसार यहां कूकड़ा चुंगी के पास रहने वाले विनोद कुमार ( 40 वर्ष ) पुत्र रमेश सिंह ने गुरुवार की दोपहर छत के पंखे के कुंदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा। परिजनों के अनुसार मृतक विनोद कुछ दिनों से मानसिक रुप से बीमार चल रहा था, जिसका गोहावर में इलाज भी चल रहा था। मृतक अपने पीछे पत्नी व एक पुत्र और एक पुत्री को रोता-बिखलता छोड़ गया हैं। मृतक विनोद मूल रूप से ग्राम हैबतपुर चौधरियान थाना मण्डी धनौरा जिला अमरोहा का रहने वाला था।



76039 EX Price Showroom
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक
2.सुपरवाइजर
3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल
4.नेटवर्क मैनेजर
5.फीमेल टेलीकॉलर
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## पांच राज्यों के चुनाव के निहितार्थ

पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के परिणाम राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करेंगे। इन चुनावों से देश की भावी दशा व दिशा निर्धारित होगी। भारतीय जनता पार्टी ने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पर भगवा फहराने के लिये पूरी तरह कमर कस रखी है। गृहमंत्री अमित शाह ने वहां डेरा डाल दिया है। जिन पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, वहां भाजपा के पास केवल असम की सरकार तथा उसके तेजतर्रार मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सर्मा हैं, जबकि बाकी राज्यों में उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। तमिलनाडु में कांग्रेस गठबंधन वाली स्टालिन की द्रमुक सरकार बहुत मजबूत स्थिति में है। हालांकि, अन्नाद्रमुक से गठबंधन कर भाजपा उसे चुनौती दे रही है, पर अन्नाद्रमुक सुश्री जयललिता के निधन के बाद केवल अपनी छद्म छाया बन कर रह गई है। पलानीस्वामी और पन्नीरसेल्वम के बीच टकराव के साथ ही जयललिता की निकट सहयोगी शशिकला के साथियों ने अलग रास्ता अपनाया था। अब पन्नीरसेल्वम अन्नाद्रमुक में हाशिए पर धकेले जाने तथा निकाले जाने के बाद स्टालिन के साथ आ गए हैं। पहले भाजपा को फिल्म अभिनेता विजय की नवगठित पार्टी से बड़ी उम्मीदें थीं और वह उनको राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग में शामिल करना चाहती थी, पर अब इसमें विफल रहने के बाद वह 'अंगूर खट्टे हैं' की तर्ज पर भाजपा विजय को निष्प्रभावी बता रही है। हालांकि, तमिलनाडु में आमतौर से सत्ता हर पांच साल पर बदलती रही है, लेकिन अन्नाद्रमुक में हुआ बिखराव अब स्टालिन को काफी आश्वस्त कर रहा है। स्टालिन ने पूरा प्रयास कर द्रविण विचारधारा तथा भाजपा-विरोध की धार कुंद होने से बचाई है और उनके पुत्र तथा राज्य के उप-मुख्यमंत्री उदयनिधि तो 'सनातन धर्म को कोरोना से भी अधिक खतरनाक' तक बता चुके हैं। हालांकि, भाजपा पिछले सालों में 'काशी-तमिल संगम' जैसे आयोजनों तथा अयोध्या के राम मंदिर में बड़ी संख्या में उमड़ती तमिल जनता को वोटों में बदलने का प्रयास कर रही है, पर यह तमिलनाडु में मुख्य धारा की 'विचारधारा' तथा द्रमुक संस्थापक करुणानिधि जैसे नेताओं द्वारा विशिष्ट पहचान बनाए जाने के कारण आसान नहीं है। ...जारी

# होर्मुज की लहरों में डूबता सुपर पावर का गुमान और हार को जीत बताता ट्रंप का प्रलाप



**-अजय कुमार**
मो.- 9335566111

इतिहास की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि युद्ध के मैदान में जब बंदूकें खामोश होने लगती हैं, तब झूठ के नगाड़े सबसे जोर से बजते हैं। आज फारस की खाड़ी के तपते पानी में जो कुछ घट रहा है, वह किसी हॉलीवुड थ्रिलर से कम नहीं है, लेकिन इस पटकथा का अंत वैसा नहीं है, जैसा वॉशिंगटन के व्हाइट हाउस में बैठकर लिखा गया था। युद्ध में कौन जीत रहा है और कौन हार रहा है, इसे आंकने का पैमाना कभी भी मिसाइलों की संख्या या मलबे का ढेर नहीं होता। इसका सबसे सटीक पैमाना यह है कि शांति की भीख सबसे पहले किसने मांगी। आज जब हम अप्रैल 2026 की दहलीज पर खड़े हैं, तो दुनिया देख रही है कि जिस ईरान को प्रतिबंधों की बेड़ियों में जकड़कर घुटनों पर लाने का दावा किया गया था, वह आज तनकर खड़ा है और दुनिया का स्वयंभू थानेदार अब एग्जिट गेट की तलाश में हाथ-पांव मार रहा है।



इस पूरी कहानी को समझने के लिए हमें थोड़ा पीछे मुड़कर साल 2025 के उस 'ऑपरेशन सिंदूर' को देखना होगा, जिसने उपमहाद्वीप के सैन्य इतिहास को हमेशा के लिए बदल दिया। भारत ने जब अपनी सीमा पार कर आतंकवाद के फनों को कुचला, तो वह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि एक संदेश था। वह संदेश यह था कि शक्ति प्रदर्शन चीखने-चिल्लाने से नहीं, बल्कि सटीक प्रहार से होता है। पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम जब ताश के पत्तों की तरह ढह रहा था और भारतीय विमान आकाश में अपनी मर्जी से चित्रकारी कर रहे थे, तब रावलपिंडी के जनरलों ने पहली बार शांति का राग अलापा था। वह हार की तड़प थी जिसे जीत के पदकों के पीछे छिपाने की नाकाम कोशिश की गई। आसिम मुनीर का खुद को 'फील्ड मार्शल' घोषित कर देना वैसा ही था, जैसे कोई डूबता हुआ आदमी खुद को समंदर का राजा कह दे। लेकिन गड्ढे झूठ नहीं बोलते। सैटेलाइट की तस्वीरों ने वह सच दुनिया के सामने रख दिया था, जिसे पाकिस्तान की पीआर मशीनरी दबाना चाहती थी।

आज मिडिल ईस्ट के रणक्षेत्र में डोनाल्ड ट्रंप वही गलती दोहरा रहे हैं, जो कभी पाकिस्तानी जनरलों ने की थी। 28 फरवरी को जब ईरान के शीर्ष नेतृत्व पर हमला हुआ, तो अमेरिका को लगा कि तेहरान ताश की गड्डी की तरह बिखर जाएगा। लेकिन वे भूल गए कि जिस देश ने 40 साल से प्रतिबंधों की आग में खुद को तपाया हो, उसके लिए मिसाइलों की गड़गड़ाहट किसी उत्सव से कम नहीं होती। ईरान ने पलटवार किया और ऐसा किया कि पूरे मध्य पूर्व में फैले अमेरिकी अड्डों की सुरक्षा की कलई खुल गई। आज होर्मुज स्ट्रेट बंद है। दुनिया की रगों में दौड़ने वाला तेल अब ईरान की मर्जी का मोहताज है। वह देश जो कल तक दूसरे देशों को सुरक्षा की गारंटी बेचता था, आज अपने ही सैनिकों की जान बचाने के लिए उन रास्तों को ढूंढ रहा है जो तेहरान तक जाते हों। ट्रंप का आज का अंदाज बिल्कुल मई 2025 के पाकिस्तान जैसा है। कैमरों के सामने आकर वे अपनी जीत के कसीदे पढ़ रहे हैं, ट्रूथ सोशल पर कैप्स लॉक में अपनी ताकत का बखान कर रहे हैं, लेकिन जमीन की हकीकत उनके दावों का मजाक उड़ा रही है। जब आप हार रहे होते हैं, तो आपकी भाषा में अहंकार और हताशा का एक अजीब मिश्रण घुल जाता है। अमेरिका आज पाकिस्तान के जरिए ईरान को 15 सूत्रीय प्रेम पत्र भेज रहा है, लेकिन तेहरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी सेल्समैन से बात नहीं करेगा। ईरान की शर्तें साफ हैं होर्मुज पर उसका नियंत्रण होगा, अमेरिकी फौजें इलाका खाली करेंगी और नुकसान की भरपाई वॉशिंगटन को करनी होगी। ये शर्तें किसी हारे हुए राष्ट्र की नहीं, बल्कि उस खिलाड़ी की हैं जिसने सामने वाले की पूरी बिसात उलट दी है।

> **आज मिडिल ईस्ट के रणक्षेत्र में डोनाल्ड ट्रंप वही गलती दोहरा रहे हैं जो कभी पाकिस्तानी जनरलों ने की थी। 28 फरवरी को जब ईरान के शीर्ष नेतृत्व पर हमला हुआ, तो अमेरिका को लगा कि तेहरान ताश की गड्डी की तरह बिखर जाएगा। लेकिन वे भूल गए कि जिस देश ने 40 साल से प्रतिबंधों की आग में खुद को तपाया हो, उसके लिए मिसाइलों की गड़गड़ाहट किसी उत्सव से कम नहीं होती।**

मिडिल ईस्ट में अमेरिका की विफलता केवल सैन्य नहीं, बल्कि रणनीतिक और नैतिक भी है। जिस रडार और एयर डिफेंस के भरोसे अमेरिका अपनी धौंस जमाता था, वे आज मलबे के ढेर में तब्दील हो चुके हैं। अरब देश, जो कभी अमेरिका की छत्रछाया में खुद को सुरक्षित महसूस करते थे, अब नये समीकरणों की तलाश में हैं। सऊदी अरब का यूक्रेन के साथ डिफेंस डील करना इस बात का सीधा प्रमाण है कि अब दुनिया को ट्रंप के कार्ड्स की असलियत समझ आ गई है। जब घर का मुखिया ही चोरों से अपनी रक्षा न कर पाए, तो परिवार के बाकी सदस्य नये रक्षक ढूंढने लगते हैं। आज वही स्थिति अमेरिका की है। सबसे दिलचस्प भूमिका पाकिस्तान की है, जो अपनी फटेहाली को कूटनीतिक अवसर में बदलने की कोशिश कर रहा है। वह देश जिसने खुद अपनी नाक कटवाई थी, आज अमेरिका और ईरान के बीच बिचौलिए की भूमिका में डॉलर बटोरने के सपने देख रहा है। लेकिन ईरान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इस खेल का हिस्सा नहीं बनेगा। ईरान जानता है कि वक्त उसके साथ है। वह चुप है, शांत है और अपने लक्ष्यों के प्रति अडिग है।



# पीएनबी में कार्यरत आंचल सिंगला बनीं नायब तहसीलदार

**यूपीपीएससी में प्राप्त की 79वीं रैंक**

**बिजनौर (चिंगारी)।** पीएनबी की विकास भवन ब्रांच में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत आंचल सिंगला ने यूपीपीएससी की परीक्षा में 79वीं रैंक प्राप्त कर नायब तहसीलदार का पद प्राप्त किया है। आंचल सिंगला मूल रूप से हरियाणा के जींद की रहने वाली हैं और वर्ष 2021 से पीएनबी में कार्यरत हैं। उनके पिता श्री अजय सिंगला बिजनेसमैन और माता श्रीमती सुनीता सिंगला गृहिणी हैं। आंचल सिंगला ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। उनका कहना है कि एकाग्रता के साथ किये गये श्रम का फल अवश्य मिलता है। चिंगारी परिवार आंचल सिंगला के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# बिजनौर में 10 औद्योगिक इकाइयों पर छापेमारी

## कुछ में संदिग्ध रसायनों का इस्तेमाल मिला



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ व्यापक निरीक्षण एवं छापेमार अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी, उपजिलाधिकारी (चांदपुर, बिजनौर, नजीबाबाद, धामपुर, नगीना), उपायुक्त उद्योग, उप कृषि निदेशक समेत विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमों ने कार्रवाई की।

अभियान के तहत कुल 10 औद्योगिक इकाइयों-जगदम्बा वुड इंडस्ट्रीज (चान्दपुर), अम्बिका बोर्ड इंडस्ट्रीज, सेठी बोर्ड इंडस्ट्रीज, ताज बोर्ड इंडस्ट्रीज, नाज प्लाईवुड (नजीबाबाद), मंगला प्लाईवुड (बिजनौर), बिंदल शुगर मिल, श्री गणपति बायो फ्यूल प्रा. लि. (चांदपुर), धामपुर शुगर मिल और रूबी केमिकल (नगीना) का निरीक्षण किया गया। छापेमारी के दौरान एक इकाई बंद पाई गई, जबकि तीन प्लाईवुड इकाइयों में टेक्निकल ग्रेड यूरिया और तीन अन्य इकाइयों में मेलामाइन/ फिनोल केमिकल्स का उपयोग होता पाया गया। टीम ने अम्बिका बोर्ड इंडस्ट्रीज, जगदम्बा वुड इंडस्ट्रीज, अनाया प्लाईवुड और मंगला प्लाईवुड से टेक्निकल ग्रेड यूरिया के कुल तीन नमूने भी लिए। ग्रहित नमूनों को नीम ऑयल कंटेंट परीक्षण के लिए अधिसूचित प्रयोगशाला भेजा जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निरीक्षण के दौरान किसी भी इकाई में अनुदानित (सब्सिडी वाले) यूरिया का उपयोग या भंडारण नहीं पाया गया।

## संयुक्त टीम की कार्रवाई में टेक्निकल ग्रेड यूरिया के नमूने लिए गए, अनुदानित यूरिया का उपयोग नहीं मिला

# गन्ना पर्यवेक्षक रहस्यमय ढंग से लापता

**बिजनौर ( चिंगारी )। गन्ना विकास परिषद में तैनात एक कर्मचारी के अचानक लापता होने से हड़कंप मच गया। तलाश के बाद भी कर्मचारी का पता नहीं चला। उनकी पत्नी ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग की है।**

मुजफ्फरनगर जनपद के थाना छपार के ग्राम तेजलहेड़ा निवासी नीटू कुमार पुत्र वेदपाल सिंह गन्ना विकास परिषद बिजनौर में गन्ना पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत हैं। पत्नी रूपा रानी का कहना है कि एक अप्रैल को सुबह करीब साढ़े दस बजे उसकी पति नीटू से बात हुई थी। उन्होंने कार्यालय में होने और खाद गोदाम चन्दपुरा जाने की बात बताई थी। इसके बाद जब परिजनों और सहकर्मियों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की तो उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिला। सहकर्मियों द्वारा कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि नीटू कुमार सुबह पौने 11 बजे कार्यालय पहुंचे और 10:54 बजे वहां से निकल गए।

परिजनों ने संभावित स्थानों पर देर रात तक तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। पत्नी रूपा ने पुलिस से पति की गुमशुदगी दर्ज कर उन्हें तलाश करने की गुहार लगाई है। घटना के बाद परिवार में चिंता का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर कोतवाल रामप्रताप का कहना है कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### चोरी की घटना से तनाव में था

**थाना कोतवाली देहात के गांव चंदपुरा खाद गोदाम से तीसरी बार 28 कट्टे खाद के चोरी हो गए। पूर्व में हुई दो बार की चोरी की रिपोर्ट कोतवाली देहात पुलिस के दर्ज न करने और तीसरी बार गोदाम में चोरी की घटना होने से गोदाम इंचार्ज नीटू कुमार तनाव में चल रहा था।**

# प्रधानाध्यापक सुनील कुमार सम्मानित



**स्योहारा ( चिंगारी )।** स्कूल चलो अभियानर 2026 के अंतर्गत में जनपद स्तर पर इंदिरा बाल भवन बिजनौर में आयोजित कार्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2025-26 में सार्वाधिक नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि करने वाले जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में पांच सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, डीएम जसजीत कौर, सीडीओ रणविजय सिंह, डीआईओएस जयकरण यादव, बीएसए सचिन कसाना ने सम्मानित किया। सम्मानित प्रधानाध्यापकों में प्राथमिक विद्यालय स्योहारा प्रथम के वर्ष 2025-26 के राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त सुनील कुमार को सर्वाधिक 132 नामांकन के लिये प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीईओ दिनेश कुमार ने कहा कि प्रधानाध्यापक सुनील कुमार को सम्मानित किये जाने ब्लॉक बुढ़नपुर का नाम जनपद नहीं अपितु राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया।

# नर्सिंग के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जगमीत मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज, बावनपुरा चांदपुर के छात्र-छात्राओं ने बीएससी. नर्सिंग परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कालेज का नाम रोशन किया। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय (एबीवाईएमयू) द्वारा घोषित परिणाम देखने के बाद विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने बताया कि सत्र 2025-26 के बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष के पंचम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। गुलेशमा पुत्री गुरुचरन जाकिर हुसैन, निवासी ग्राम धयोती, धनौरा ने 79.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अदिबा पुत्री अरमान अहमद, निवासी मोहल्ला सराय रफी, चांदपुर ने 72.36 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, रुचिका पुत्री यशवंत सिंह निवासी- अमहेरा, धनौरा ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. भूपेन्द्र सिंह तोमर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह शानदार परिणाम संभव हुआ है।


गुलेशमा


अदिबा


रुचिका

# आरवीआईटी में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव 'मंथन' का भव्य शुभारंभ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आर. वी. इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बिजनौर के परिसर में वार्षिक उत्सव 'मंथन 2026' का शुभारम्भ हुआ। वार्षिक उत्सव का शुभारंभ संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर सन्नी देशवाल, संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन अग्रवाल, फार्मेसी के निदेशक डॉ. हितेश कुमार, रजिस्ट्रार विपिन कुमार, चीफ प्रोक्टर विनीत कुमार, डीन अकेडमिक डॉ. जीशान अहमद, खेलकूद प्रतियोगिता के कोआर्डिनेटर फिरोज खान, गौरव कुमार व सभी विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कंसल, डा. सैयद ताहिर अब्बास नक्वी, विमल कुमार, मोहिन्द्र सिंह, सैयद हैदर एवं उज्जवल पाठक के द्वारा फीता काटकर किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में 40 से अधिक विभिन्न स्कूलों व संस्थानों के 600 से ज्यादा छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। क्रिकेट टूर्नामेंट में 14 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया है। 400 मीटर की दौड़ में प्रिन्स कुमार, गहलौत कॉलेज हल्दौर ने प्रथम स्थान व शनि कुमार विवेक यूनिवर्सिटी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। खो खो फाइनल मैच एग्रीकल्चर क्लब टीम-ए व एग्रीकल्चर क्लब टीम-बी के बीच हुआ। इसमें एग्रीकल्चर क्लब टीम-बी प्रथम स्थान पर रही। .०कबड्डी का मैच बिजनौर स्टेडियम की टीम ने जीता। टेबल टैनिस पुरुष प्रतियोगिता में मनीष कुमार ने प्रथम स्थान और देवांश कपूर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रेरणा वर्धमान कॉलेज बिजनौर से प्रथम स्थान पर और सुनैना सीडीआईसी हल्दौर दूसरे स्थान पर रहीं। चैस में प्रथम स्थान स्पर्श कुमार मॉडन ऐरा स्कूल बिजनौर व द्वितीय स्थान जयन्तराम बजरंग क्रिस जयन्ती स्कूल ने प्राप्त किया।


वार्षिक उत्सव का फीता काटकर उदघाटन करते हुए सन्नी देशवाल।

# जन्मोत्सव पर बजरंग बली को अर्पण किया गया सिन्दूरी चोला

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री बालाजी मंदिर (मुख्य बाजार) में श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मंदिर के स्वामित्व महंत डॉ. अमित गिरि महाराज, महंत आदित्य गिरि, जतिन गिरि ने मुख्य यजमान दीपक चौहान व उनकी धर्मपत्नी ग्राम अमखेड़ा की प्रधान श्रीमती मृदुलेश चौहान, रितेश मेहरोत्रा, हरीश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, नितिन सैनी ज्वेलर्स द्वारा श्री हनुमान जी का सिंदूरी स्वर्ण चोला अर्पण कराया गया इसके पश्चात हनुमान जी महाराज को मोतियों व सुगंधित पुष्पों की माला से सुशोभित किया गया। महिला भक्तों ने भजनों के माध्यम से मंदिर का माहौल भक्तिमय कर दिया। इसके पश्चात हरीश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल के द्वारा 51 किलो के लड्डू का भोग लगाया गया। 56 भोग व बाबा को केक का भोग भी लगाया गया। मंदिर प्रांगण में प्रात: काल से रात्रि 11 बजे तक

## 5 किलो का लड्डू, 56 भोग एवं केक काटकर लगाया भोग



सिंदुरी चोला धारण किए हुए वीर बजरंगबली का कीर्तन करते हुए महिलाएं।

दूर दराज से आए भक्तों की दर्शन व पूजन करने के लिए अपार भीड़ लगी रही। इस अवसर पर मंदिर की पुजारन पूनम गिरि, आकाश जोशी, स्नेहा गिरि, संगीता जोशी,

### हंगामा संस्था ने किया सम्मानित

हंगामा लोक साहित्यिक सामाजिक संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, संरक्षक डॉ. जितेंद्र कौशिक, निर्मला कौशिक ने श्री बालाजी मंदिर के स्वामित्व महंत डॉक्टर अमित गिरि जी महाराज को मंदिर प्रांगण में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

समता जोशी, शुभम जोशी, आयुषी शर्मा, आशा देवी, पूर्वी जोशी, प्रभादेवी, कंचन, सुधा, डॉक्टर एनपी सिंह, डॉक्टर दीप सौरभ सिंह, डॉक्टर आर. पी. भारद्वाज, दीपक अग्रवाल मंडल अध्यक्ष भाजपा, संजय, माधव, सैनी ज्वेलर्स, उदित जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल सोहित सैनी, ख्याली राम, संध्या चौधरी, सुधीर अग्रवाल मुन्ना बाबू, सुधा, रुक्मेश अमन सैनी, विनीत कौशिक, रजनीश गोस्वामी सहित अनेक श्रद्धालुओं उपस्थित रहे।

## कालोनी में मनाई गई हनुमान जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग पर नवविकसित अटल बिहारी कॉलोनी में रुद्रावतार श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बबलू मिश्रा, सोनू सिसौदिया ने बजरंगबली की महिमा का भजनों के माध्यम से गुणगान किया। इस मौके पर पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, श्री राम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के अध्यक्ष डॉ. एन पी सिंह, नगर पालिका परिषद सदस्य संतोष कुमार राजपूत, संकट मोचन सिद्धेश्वर श्री बालाजी धाम के महंत राहुल अग्रवाल को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर बबलू मिश्रा, इंदर सिंह गहलौत, रामलाल सैनी, मदन पाल सिंह, विजय शर्मा, अभिषेक गहलौत, चमन सिंह, टीकाराम जैन, सचिन सिसोदिया, हरिओम कुमार एवं अटल विहार कॉलोनी के निवासियों ने प्रसाद वितरित करके भंडारा भी कराया।

## शिक्षकों ने चलाया संपर्क अभियान



**धामपुर ( चिंगारी )।** आर एस एम इंटर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य अनिल कुमार देवरा के नेतृत्व में शिक्षकों द्वारा नवीन शैक्षिक सत्र में छात्रों एवं अभिभावकों से संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया। नवीन सत्र प्रारंभ होने के उपरांत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा नौरंगाबाद, अल्हैपुर, मिल्क पूरनपुर, भज्जा वाला आदि गांवों में विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए तथा जो छात्र प्रवेश लिए हुए हैं उनको विद्यालय में नियमित आने के लिए छात्रों तथा उनके अभिभावकों से संपर्क किया गया। विद्यालय में अप्रैल माह में कक्षा 9 के छात्रों की जूनियर डिवीजन एन सी सी की भर्ती होनी है तथा कक्षा 10 का रिजल्ट आने के बाद सभी छात्र एवं छात्राओं से कक्षा 11 में प्रवेश लेने की अपील की गई है क्योंकि एनसीसी सीनियर डिवीजन में 160 वैकेंसी है और उनकी भर्ती बटालियन द्वारा अप्रैल माह के अंत तक कर दी जाएगी जो छात्र विद्यालय में विलंब से प्रवेश पाएंगे उन्हें सीनियर डिवीजन में भर्ती करना मुश्किल होगा। भ्रमण के दौरान राजेंद्र सिंह, शांति प्रकाश, रणजीत सिंह, गौरव शर्मा, देवानंद राय, चेतन कुमार, मुकेश कुमार, अतुल कुमार, अरविंद कुमार, विनोद कुमार जिला मंत्री सम्मिलित रहे।

## भाकियू-अ ने ज्ञापन देकर की समस्याओं के समाधान की मांग



**धामपुर ( चिंगारी )।** तहसील प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत के बाद किसानों की विभिन्न समस्याओं के बारे में उप जिला अधिकारी की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें रानी नांगल की बंद पड़ी खतौनी को खुलवाने, आगामी फसलों में उर्वरक की आवश्यकता को देखते हुए उसको समय पर किसानो को उपलब्ध कराया जाने, जर्जर विद्युत लाइनों को शीघ्र ठीक कराए जाने, जंगली जानवरों द्वारा खेत में कार्य कर रहे किसानो को उनके हमले से बचाए जाने की मांग की गई। बैठक में तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी, जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, जिला सचिव लोकेंद्र चौधरी, ब्लॉक धामपुर उपाध्यक्ष अरविंद राजपूत हीरेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, सुभाष चौहान, सुरेश कुमार, प्रमोद कुमार, उत्तम कुमार, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, संजय चौहान आदि मौजूद रहे।

## हवन-पूजन के साथ, नये सत्र की शुरुआत



शैक्षणिक सत्र 2026-27 की हवन-पूजन के साथ शुरुआत।

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारत स्वरूप एकेडमी, मीमला में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर पंडित ईश्वर चंद शर्मा द्वारा विधिवत हवन-पूजन कराया गया जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती उपासना यादव, परेन्द्र कुमार, विद्यालय के चेयरमैन डॉ. लोकबीर सिंह के युवा पुत्र यश चौहान उपस्थित रहे। डॉ. श्रीमती वसुंधरा देवी ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या श्रीमती उपासना यादव ने कहा कि नया सत्र विद्यार्थियों के लिए नई ऊर्जा, नए संकल्प और नई उपलब्धियों का अवसर है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।

## अभय प्रताप सिंह का गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत

**धामपुर ( चिंगारी )।** वास्तव में शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं क्योंकि उनके मार्गदर्शन में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही समाज और राष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर राष्ट्र का निर्माण करते हैं ऐसा रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के टॉपर छात्र अभय प्रताप सिंह ने यूपीएससी के परीक्षा परिणाम में तीसरी रैंक पाकर उप जिला अधिकारी का पद पाने के बाद इसे सार्थक कर दिया है।

गुरुवार को अभय प्रताप सिंह का अपने पैतृक गांव मटौरा दुर्ग पहुंचने पर ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। कॉलेज के सभी आचार्यों ने उनके आवास पर पहुंचकर आशीर्वाद और शुभकामनाएं प्रदान की। इस दौरान शिक्षकों को अपने बीच पाकर अभय प्रताप सिंह ने पैर छूकर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। इस मौके पर गांव के बच्चे और महिलाओं ने ढोल नगाड़ों की ताप पर जमकर नृत्य किया।



अभय प्रताप सिंह को सम्मानित करते हुए विद्यालय के आचार्य

इस दौरान अभय प्रताप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके इस चयन में परमात्मा की असीम कृपा माता-पिता का आशीर्वाद और सहयोग तथा गुरुजनों का मार्गदर्शन एवं मेरे मित्रों और शुभचिंतकों की शुभकामनाओ के साथ ही मेरी मेहनत और लगन से की गई पढ़ाई भी शामिल रही। उन्होंने कहा कि छात्र को कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पढ़ाई करनी चाहिए। इस अवसर पर हीलिंग टच फिजियोथिरेपी के डायरेक्टर डॉ आयुष कुमार, सुहेल डिजाइनर, कोरियोग्राफर रोमियो मयूर आदि ने भी उनको स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से अपने सपनों को साकार करें : डीएम

## आभा फाउंडेशन ने 500 छात्राओं को बांटीं साइकिल

**चांदपुर ( चिंगारी )। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने छात्राओं से साइकिल पर सवार होकर अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया।**

जिलाधिकारी गुरुवार को फादरसन पब्लिक स्कूल में स्कूल की प्रबंधक एवं क्षेत्र की प्रमुख सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन की ओर से आयोजित नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रही थीं। जिलाधिकारी ने छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें तथा अपने लक्ष्य को पूरा कर अपने माता-पिता, गुरूजनों व विद्यालय का नाम रोशन करें।




क्षेत्रीय विधायक स्वामी ओमवेश ने श्रीमती आभा सिंह द्वारा समय-समय पर जनहित में किए जा रहे कार्यों के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी तरह से समाज हित में कार्य करते रहने का आह्वान किया। आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने कहा शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने बताया कि आभा फाउंडेशन की ओर से 100 से अधिक बेटियों का विवाह, ठंड के मौसम में हजारों जरूरतमंदों में लिहाफ वितरण, मेडिकल कैम्प लगाकर हजारों लोगों को नि:शुल्क दवाई, मोतियाबिंद के आप्रेशन, चश्मे व खादर क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों में राशन का वितरण कराया जा चुका है। इस अवसर पर यूपी बोर्ड की कक्षा 8 से 12 तक की 500 छात्राओं में नि:शुल्क साइकिल वितरण किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीमती सुमन त्यागी, चन्द्रपाल सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, चौ. वीरेन्द्र सिंह, शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह, प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी आदि मौजूद रहे।

### चांदपुर के इतिहास में पहला बड़ा कार्यक्रम

**चांदपुर के इतिहास में समाजसेवा के क्षेत्र में अभी तक किसी ने भी इतना बड़ा कार्यक्रम नहीं किया। आभा फाउंडेशन की ओर से 500 छात्राओं में वितरित की गई एक साइकिल की कीमत 6300 रुपये है। आभा फाउंडेशन की ओर से किए गए इस कार्यक्रम की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है।**

# शिविर में 225 मरीजों ने कराई जांच, 105 का आपरेशन के लिए चयन



## लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रघुनाथ प्रसाद वीरेंद्र कुमार अग्रवाल भवन बिजनौर में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पूर्व की भांति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के योग्य चिकित्सकों की टीम द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में मोतियाबिंद के 225 मरीजों का परीक्षण किया गया व 105 मरीजों का मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।

निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट के द्वारा समय-समय पर अनेक नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाए जाते हैं, जिससे गरीब बेसहारा लोगों को काफी लाभ होता है। यहां पर रघुनाथ प्रसाद वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ द्वारा समय-समय पर फ्री आई कैंप निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आयोजित किया जाता है तथा नेत्रदान करने के लिए भी जनता को प्रेरित किया जाता है। वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ, विकास अग्रवाल सर्राफ आदि द्वारा प्रत्येक वर्ष अनेक आई कैंप लगाए जाते हैं। शिविर में वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ, विकास अग्रवाल सर्राफ, रोहित विश्नोई, अमित चिकारा, वंशिका, वंश, गौरी, प्रांजल, पार्विका, आशा अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता, रूचि, राघव, डॉ. रूबी, अमित रस्तोगी, विपुल रस्तोगी, अश्वनी चित्रार्थ, पूनम, अंकित, पंकज अग्रवाल सर्राफ, मुकेश त्यागी, पी.के. त्यागी, संजीव गर्ग आदि का विशेष सहयोग रहा।

### नेत्रदान, मरकर भी जिंदा रहने का वरदान- विकास

विकास अग्रवाल का कहना है कि दुनिया में बहुत लोग ऐसे हैं जिनको पृथ्वी के सुनहरे रंग देखने का अवसर नहीं मिलता है। उन्होंने यह बताया कि आंखें नि:शुल्क ली जाती हैं और नंबर आने पर नि:शुल्क ही लगाई जाती हैं। नेत्रदान मरके भी जिंदा रहने का वरदान है। उनका यह मानना है कि नेत्रदान ही महादान है। इसके लिए हम सब लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि नेत्रदान की प्रक्रिया के अनुसार मृत्यु के 6 घंटे के अंदर आंखें दान कर देनी चाहिएं, मृतक की आंखें बंद करके उसके ऊपर गीली रूई रख देनी चाहिए, पंखा बंद कर दें, ऐसी हो तो चलने दें, सिर के नीचे तकिया रख दें, डायबिटीज, मोत्याबिंद, ब्लड प्रेशर आदि के मरीज भी आंखें दान कर सकते हैं, संकल्प फॉर्म भरने के लिए 9837027465 नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# समय सबसे मूल्यवान संसाधन : अनिल शर्मा



व्याख्यान देते हुए श्री अनिल शर्मा।



श्री अनिल शर्मा का स्वागत करते हुए स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के पदाधिकारी।

## विवेक विश्वविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एण्ड कॉमर्स में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण के लिए एक मोटिवेशनल गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके जीवन एवं करियर के प्रति जागरूक बनाना, उन्हें लक्ष्य निर्धारण के लिए प्रेरित करना तथा सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। अपने प्रेरणादायक व्याख्यान में मुख्य अतिथि श्री अनिल शर्मा ने छात्रों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक मूल मंत्रों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सबसे पहले स्पष्ट उद्देश्य का होना जरूरी है। बिना लक्ष्य के जीवन दिशाहीन हो जाता है। उन्होंने कहा कि समय ही सबसे मूल्यवान संसाधन है, जिसे यदि सही तरीके से उपयोग किया जाए तो व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकता है। बदलते समय के साथ स्वयं को अपडेट रखना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक सहज गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम इस अवसर पर एम.बी.ए. एवं बी.बी.ए. के छात्र-छात्राओं आदित्य गुप्ता, शिवम चौहान, वृद्धि चौधरी, तनिष्क त्यागी, हर्ष तोमर, कनिष्क गर्ग, मौ. शयान, शुभ शर्मा, कु. प्रिया, खुशी पाल आदि ने समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्माण करियर निर्माण आदि विषयों पर पर प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा का समाधान प्राप्त किया। धन्यवाद संबोधन में डीन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट डॉ. सर्वेश कुमार शीतल ने मुख्य अतिथि, विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों एवं छात्रों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन असि. प्रो. श्रेया गोयल ने किया।

# आस्था और अलौकिकता का दिव्य संगम

# कोटद्वार का पावन सिद्धबली हनुमान दरबार

–रमाकांत पंत

उत्तराखंड के प्रवेश द्वार कोटद्वार नगर से मात्र दो किलोमीटर की दूरी पर, कल-कल निनाद करती पुण्यसलिला खोह नदी के तट पर स्थित भगवान सिद्धबली का पावन दरबार श्रद्धा, भक्ति और प्रकृति का एक अलौकिक संगम है। एक छोटी सी सुरम्य पहाड़ी पर विराजमान भगवान हनुमान को समर्पित इस प्राचीन मंदिर का प्राकृतिक सौंदर्य अद्भुत है। मंदिर के पृष्ठ भाग में फैली हरी-भरी पर्वत श्रृंखलाएं भक्तों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर लेती हैं और आत्मिक शांति का भान कराती हैं।



## गुरु गोरखनाथ और हनुमान जी का अद्भुत प्रसंग

इस सिद्ध पीठ के उद्गम से जुड़ी पौराणिक कथाएं अत्यंत रोचक हैं। मान्यता है कि इस पवित्र स्थल पर श्री राम भक्त हनुमान, नाथ संप्रदाय के महान संत गुरु गोरखनाथ के विशेष आग्रह पर हर पल एक सजग प्रहरी के रूप में वास करते हैं।

पौराणिक प्रसंगों के अनुसार, एक बार गुरु गोरखनाथ अपने गुरु मत्स्येंद्रनाथ के साथ जनकल्याणार्थ भ्रमण करते हुए इस वन क्षेत्र से गुजर रहे थे, तभी भगवान हनुमान ने वेश बदलकर उनका मार्ग रोक लिया। इस पर शिव अवतार माने जाने वाले परम सिद्ध गुरु गोरखनाथ और रुद्रावतार हनुमान जी के बीच भीषण युद्ध हुआ, जिसमें दोनों ही अजेय रहे। अंततः हनुमान जी अपने वास्तविक और विराट स्वरूप में प्रकट हुए। गुरु गोरखनाथ ने उन्हें आदरपूर्वक नमन किया, तब हनुमान जी ने पूछा कि उनके लिए क्या आदेश है, इस पर गुरु गोरखनाथ ने विनम्रतापूर्वक आग्रह किया कि वे इस महान सिद्ध भूमि पर प्रहरी के रूप में वास करें और जनमानस का कल्याण करें। संकट मोचन ने यह आग्रह सहर्ष स्वीकार कर लिया, तभी से इस पावन तपोस्थली का नाम सिद्धबली पड़ा।

## तपोभूमि जहां सिद्धियों ने लिया आकार

माना जाता है कि महान योगी गुरु गोरखनाथ जी को इसी पावन भूमि पर कठोर तपस्या के उपरांत अनेक दिव्य सिद्धियां प्राप्त हुई थीं। इसीलिए श्रद्धालु भक्त और शिष्यगण आज भी सिद्ध बाबा के रूप में उनका पूर्ण श्रद्धा से पूजन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। जनमान्यताओं के अनुसार, प्राचीनकाल में भी अनेकानेक ऋषि-मुनियों ने इसी स्थान पर कठोर तप कर श्री हनुमान का आह्वान किया था, जिसके फलस्वरूप वे इस भूमि पर सूक्ष्म रूप से विचरण करते हैं।

## डाक टिकट से मिली वैश्विक पहचान

सिद्धबली मंदिर की इसी असीम पौराणिक महत्ता और विश्वव्यापी आध्यात्मिक स्वीकार्यता को देखते हुए भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा वर्ष 2008 में इस मंदिर पर एक विशेष डाक टिकट जारी किया था। इस ऐतिहासिक सम्मान के बाद यह दिव्य दरबार देश-दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का एक प्रमुख केंद्र बन गया और धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर सुनहरे अक्षरों में अंकित हो गया।




## मनोकामना पूर्ति और विशाल भंडारे की परंपरा

कहा जाता है कि इस पौराणिक मंदिर में निर्मल मन और पूर्ण समर्पण भाव से आने वाले हर भक्त की मुराद अवश्य पूरी होती है। मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालु यहां विशाल भंडारे का आयोजन करते हैं, जो भगवान सिद्धबली के प्रति उनकी कृतज्ञता का प्रतीक है। मुख्य मंदिर परिसर में भगवान शिव का अत्यंत मनोहारी स्फटिक शिवलिंग, मां जगदंबा की दिव्य प्रतिमा और शनि महाराज का मंदिर भी स्थापित है, जो इस स्थान की ऊर्जा को और अधिक जाग्रत करते हैं।

## हनुमान जयंती पर अद्भुत छटा

वैसे तो वर्ष भर यहां सनातन प्रेमियों का तांता लगा रहता है, किंतु हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सिद्धबली दरबार की दिव्यता और भव्यता देखते ही बनती है। कुछ सीढ़ियां चढ़कर जब भक्त इस पहाड़ी पर स्थित मंदिर के प्रांगण में पहुंचते हैं, तो शांत और सुरम्य वातावरण के बीच उन्हें एक ऐसी लौकिक और आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति होती है, जो मन के सारे संताप हर लेती है। वास्तव में आत्मिक शांति और ईश्वर से साक्षात्कार के लिए कोटद्वार का सिद्धबली मंदिर एक अद्वितीय और वंदनीय तीर्थ है। **( विभूति फीचर्स )**

# हनुमान जयंती पर मंदिरों में हुये हवन और भंडारे

**शेरकोट ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को क्षेत्र में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पालकी ऐमन स्थित मंदिर में हवन और भंडारे का आयोजन कर सुख समृद्धि की कामना की गई। इस उपलक्ष में आयोजित किये जा रहे तीन दिवसीय श्री तुलसीकृत रामायण का अखंड पाठ विधिवत हवन-पूजन के बाद सम्पन्न हुआ। पंडित कृष्ण कुमार कौशिक द्वारा कराए गए हवन में मेघराज सिंह सैनी व उनकी पत्नी गुड्डी देवी मुख्य यजमान रहे और तेजपाल सिंह, पुनीत कुमार, पवन कुमार, मिथलेश देवी, कौशल, कार्मेंद्र, नीरज कुमारी आदि काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस मौके पर खुशहाली के लिए कामना की गई। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे साधु-संतों और पंडित शिवम कौशिक, पंडित भास्कर कौशिक आदि कई ब्राह्मणों सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा ग्राम भनोटी सहित अन्य स्थानों पर भी हनुमान प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया और पूजन किया गया।



ग्राम पालकी ऐमन के हनुमान मंदिर में आयोजित हवन में शामिल श्रद्धालु।

# कुतुबपुरगढ़ी में ग्राम देवता पर हुआ यज्ञ और भण्डारा



**छाछरी मोड़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव कुतुबपुरगढ़ी में श्री हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर ग्राम देवता के स्थान पर एक विशाल भंडारे और यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र और गांव के हजारों व्यक्तियों ने भाग लिया। मुख्य यजमान पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर कोमल सिंह और वीरेंद्र सिंह डीलर परिवार सहित उपस्थित रहे। हवन पंडित ज्योतिष आचार्य दुर्गेश शर्मा के द्वारा विधि विधान से संपन्न कराया गया। इस शुभ अवसर पर संतराम बाबूजी, उस्ताद तेजपाल सिंह, प्रधान घासीराम, प्रधान होसराम सिंह, रवि देशवाल, सतपाल सिंह, कल्याण सिंह, जिला पंचायत वार्ड 2 के उम्मीदवार दीपांशु अहलावत, प्रीतम सिंह, अंकुश कुमार, हरपाल सिंह, विपिन, नागेंद्र सिंह, प्रशांत चिकारा, मूलचंद सिंह, नवनीत कुमार, कृष्णा, नीरज, राकेश कुमार, कैलाश चंद आदि सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# स्योहारा में धूमधाम से निकली हनुमान जी की शोभायात्रा

**स्योहारा ( चिंगारी )।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ठाकुर मंदिर हनुमान धाम मोहल्ला हिन्दू चौधरियान में श्री हनुमान जयंती का पर्व बृहस्पतिवार को मनाया गया एवं हनुमान जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन भी किया गया। शोभायात्रा का प्रारंभ ठाकुर मंदिर से दोपहर लगभग 2 बजे शुरू होकर बिडला गर्ल्स इण्टर कालेज के पीछे से होता हुआ मोहल्ला तलाई, रियासत, सोमवार का बाजार, शिवाजी मार्केट, जुमेरात का बाजार, थाना चौराहा, स्टेशन रोड, आएसपी इण्टर कालेज से होता हुआ ठाकुर मंदिर पर जाकर समाप्त हुआ। इस मौके पर रजत रस्तौगी, पीयूष रस्तौगी, इंदर सिंह, डाक्टर यज्ञदत्त गौड़, राजपाल प्रजापति, अनिल कुशवाहा, अनिल शर्मा, डा. राजबहादुर शर्मा, मोना महेश्वरी, सोनू शर्मा, अमित शर्मा, सभासद विनोद तोमर, सभासद सतेंद्र सैनी सहित सेकड़ों लोग मौजूद रहे।





## जगह-जगह भंडारे का आयोजन

**स्योहारा ( चिंगारी )। नगर में हनुमान जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी, जिसमें नगर में जगह-जगह भंडारों के आयोजन किये गये। जिसमें शिवालय श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर, हनुमान मंदिर, जाली वाला मंदिर, विश्नोई मंदिर पर आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।**

# बालाजी की जय, वातावरण हुआ हनुमानमय

## श्री बालाजी मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा





**बिजनौर ( चिंगारी )।** साहित्य विहार स्थित श्री बालाजी मंदिर में श्री बालाजी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर भव्य रथयात्रा अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ निकाली गई।

श्री श्री 108 अजय दास जी महाराज के मार्गदर्शन में श्री बालाजी मंदिर पर हर वर्ष की भांति अनेक कार्यक्रम हुये। गत एक अप्रैल को श्री रामचरित मानस का अखण्ड पाठ शुरू हुआ। कल 2 अप्रैल को नगर में भव्य श्री बालाजी रथयात्रा निकाली गई। सायं 7 बजे मंदिर में महाआरती हुई। इस अवसर पर बालाजी को 151 किलो का लड्डू का भोग लगाया गया। इस दौरान बालाजी महाराज का गुणगान किया गया। आज प्रातः विशेष आरती एवं संकट मोचन यज्ञ आयोजित किया गया। तत्पश्चात विशाल भण्डारा, कन्या पूजन हुआ। आज शाम 7 बजे महाआरती एवं 56 भोग का वितरण किया जायेगा।

कल प्रातः रथयात्रा बाला जी मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुज़री। रथयात्रा में राम-हनुमान की झांकियां और डीजे के साथ भजन गाए जा रहे थे। रथयात्रा बालाजी मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई। इस दौरान बालाजी महाराज के जयकारे गूंजते रहे, जिससे नगर का वातावरण पूरी तरह हनुमानमय हो गया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। इस अवसर पर उज्जवल शर्मा, प्रांजल शर्मा, रिदित शर्मा, शिवांश शर्मा, राजीव खन्ना, विकास रावत, संजय (विक्की), कनुप्रिया, ऋचा, रचना, प्रीति आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बालाजी के भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था।

# वैरायटी पैलेस व कृष्णा आभूषण पर हुआ स्वागत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बालाजी शोभायात्रा का सदर बाजार शंभूदयाल चौराहे पर पहुंचने पर अरविंद अग्रवाल (वैरायटी पैलेस), अंकुश अग्रवाल, श्रीमती सुमैदा, कु. सान्वी व कु. तारणी आदि परिजनों ने पुष्प वर्षा के मध्य आरती उतारकर व केक का भोग लगाकर स्वागत किया।



श्री प्रमोद मिश्रा।

सर्राफा बाजार में कृष्णा आभूषण के स्वामी प्रमोद मिश्रा व हार्दिक मिश्रा ने हलवा, छोले-चावल का भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया। इस अवसर पर प्रबोद मिश्रा, अनिल वर्मा, संजय शर्मा एड., मोहित वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।




वैरायटी पैलेस

# विद्यालय में मनाई हनुमान जयंती

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** भारतीय शिक्षा समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अफजलगढ़ में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार वत्सल ने बताया कि हनुमान जी शक्ति, शौर्य, भक्ति के प्रतीक हैं। वह रुद्र के 12वें अवतार हैं, जिन्होंने अपने भक्ति के बल पर अमृत्व प्राप्त किया। मुख्य वक्ता ओमकार सिंह ने अवगत कराया कि हनुमान जी अंजनी एवं केसरी के पुत्र थे। एक बार जब हनुमान जी सूर्य को निगलने के लिए बढ़े तो देवताओं के राजा इंद्र ने हनुमान जी पर अपने वज्र से उनकी ठोड़ी पर प्रहार किया, जिसके कारण वह मूर्छित हो गए। चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा को देवताओं ने उन्हें पुनः जीवन दिया, तभी से वह हनुमान कहलाए। दिव्यांशी, परी गहलोत, आरुषि, परिधि, खुशी, ऋषभ, रियांश, आदित्य, लवली आदि भैया बहनों ने हनुमान जी से संबंधित पौराणिक कथाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में श्रीमती अरुणा देवी, मनोज कुमार, वीरेंद्र रुहेला, राजीव कुमार गुप्ता आदि ने की सहभागिता की।



# हरिहर मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा

**बिजनौर ( चिंगारी )। शहर में हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभयात्रा में राम-दरबार एवं बजरंगबली की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। मुहल्ला खत्रियान स्थित बाबा हरिहर मंदिर से शाम पांच बजे हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा शहर के मुहल्ला चौधरियान, रम्मू का चौराहा, सदर बाजार से होती हुई वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में राम-दरबार एवं बजरंगबली की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में शामिल बैंड धार्मिक धुन बजाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का नेतृत्व नीरज शर्मा, विनय राणा, दीपक महर्षि कर रहे थे।**





# सेंट जॉन्स स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

## प्रबंधक कैनेथ पोर्टर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नई बस्ती स्थित सेंट जॉन्स स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या कुमारी महिमा रानी ने कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

विद्यार्थियों की सफलता की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत, अनुशासन व लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा दी तथा सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास व सकारात्मक सोच का परिणाम होती हैं।

प्रधानाचार्या के अनुसार नर्सरी में हिफजा, अरशान खान, जोहान,

एलकेजी में मोहम्मद हम्माद, अबू हुमेरा, देवश्री, यूकेजी में उजैफ मलिक, मोहम्मद रैयान, जियाद मलिक, प्रथम में रक्षण, श्रेया, रेबेका पॉटर, द्वितीय में अलीम, आश्रिवी त्यागी, अनाया,

तृतीय में फरीहा अंसारी, एस्तेर पॉटर, बलप्रीत सिंह, तृतीय में सुलेमान जावेद, माधव, प्रियांश, चतुर्थ में चिरागदीप, बशर, गौरव, पंचम में वैशाली वत्स, अंश अग्रवाल, वैष्णवी, कक्षा 6 में

शयान, मोहम्मद बसर, दिव्या, कक्षा 7 में प्रिंस, जुबिया अंसारी, सिद्धि प्रजापति, कक्षा 8 में हमजा, माधव, अलशिफा आलम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक कैनेथ पोर्टर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकानाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सेंट जोन्स स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है। अच्छी शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अनुशासन भी सिखाया जाता है।

# नर्सिंग होम पर कराया भण्डारा



**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर में हनुमान जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर के चिकित्सक डा. सोनवीर सिंह व डा. दीपा सिंह द्वारा अपने नर्सिंग होम पर भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में यहां स्टेशन तिराहे पर स्थित नवजीवन मैटरनिटी एण्ड चाइल्ड केयर सेन्टर के स्वामी डा. सोनवीर सिंह व डा.दीपा सिंह द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह हवन पूजन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ कमाया। इस अवसर पर डा. सोनवीर सिंह, डा. दीपा सिंह, अथर्ववीर सिंह, आर्यवीर सिंह सहित समस्त परिवारजनो, मित्रो व स्टाफ ने भंडारे पहुंच श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

# विद्यालय में मनायी हनुमान जयंती



**हल्दौर ( चिंगारी )।** डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दौर में हनुमान जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह, जयंती प्रमुख अमित कुमार एवं समस्त आचार्य आचार्यों द्वारा राम भक्त हनुमान के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन किया गया। जन्मोत्सव प्रमुख अमित एवं आचार्य हेमराज सिंह ने राम भक्त हनुमान के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन छात्र संसद के उपसेनापति राज चौहान भैया ने किया।

# झांकियों के साथ निकाली शोभायात्रा

**हल्दौर ( चिंगारी )।** श्री बालाजी कीर्तन मंडल के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। गुरुवार की शाम पोखर बाजार में श्री बालाजी कीर्तन मंडल के तत्वावधान में पंडित सोमेश्वरदत्त पंकज ने पूजा-



अर्चना की। इसके बाद मौहल्ला रईसान स्थित आर्य समाज धर्मशाला मंदिर के पास से भगवान श्री राम दरबार, भगवान शिव, हनुमान जी आदि की दर्जनों आकर्षक झांकियों के साथ नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें रमेश सिंह चौहान, सागर सिंह, शगुन चौहान, संदीप दुबे, मदन वर्मा, तनय शर्मा, मा. जितेंद्र शर्मा, टीकम सिंह, मेहर सिंह, करण सिंह, महिपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# शक्ति, साहस और सेवा के प्रतीक हैं हनुमान जी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में श्री हनुमान जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता विपिन ने हनुमान जी के जीवन और उनकी भक्ति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी भगवान राम के अनन्य भक्त थे और उनकी शक्ति, साहस और नि:स्वार्थ सेवा का प्रतीक हैं। श्री हनुमान जी का जन्म चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को हुआ था, जिसे हनुमान जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हनुमान जी की पूजा, आरती और भजन-कीर्तन किया जाता है। हनुमान जी को सिंदूर, लाल चोला और तुलसी दल अर्पित करने का विशेष महत्व है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने भी अपने विचार रखे, उन्होंने कहा कि हनुमान जी की जयंती हमें उनकी भक्ति और सेवा भावना को याद करने का अवसर प्रदान करती है।

# मन लगाकर पढ़ें, मेहनत करें, आगे बढ़ें- डा. खूब सिंह

**चांदपुर ( चिंगारी )।** किसान इंटर कालेज केलनपुर का वार्षिक परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही यज्ञ कर नवीन शिक्षा सत्र का भी शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्रबंधक डा. खूब सिंह ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ने तथा भविष्य में उच्च स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुजनों व विद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य नीरज कुमार शर्मा ने परीक्षाफल घोषित किया। कक्षा नर्सरी में दृष्टि, यूकेजी में सांची, कक्षा एक में भूमि तोमर, कक्षा दो में रिया, कक्षा तीन में शौर्य, कक्षा चार में आरूषि, कक्षा पांच में रिद्धि, कक्षा 6 में दृश्य तोमर, कक्षा 7 में शौर्य कुमार, कक्षा 8 में सांची, कक्षा 9 में तेजस्वी, कक्षा 11 ए में संध्या व कक्षा 11बी में ईशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व विद्यालय में नवीन शिक्षा सत्र का शुभारंभ यज्ञ के साथ हुआ। इस अवसर पर डा. खूब सिंह, डा. राजीव कुमार, डा. सुशील कुमार, महाराज सिंह, डा. श्याम सिंह आदि मौजूद रहे।



# दरोगा को फाइनल रिपोर्ट लगाना भारी पड़ा

## एसपी ने किया लाइन हाजिर



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** विगत 12 मार्च को ग्राम गौसपुर में हुए झगड़े का वीडियो वायरल होने के बावजूद मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाना विवेचक को भारी पड़ा। पुलिस अधीक्षक ने विवेचक, उपनिरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया है।

नांगल थानांतर्गत ग्राम तैय्यबपुर गौरवा उर्फ गौसपुर निवासी कुंवरपाल, उसके पिता अमर सिंह तथा छोटा भाई बोबी विगत 12 मार्च को जब खेतों पर काम करने जा रहे थे, तो गांव के ही निवासी मनीष, धरेन्द्र उर्फ सोनू, शिवा पुत्रगण ऋषि तथा आशीष पुत्र जालिम ने अपने घर के सामने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। किसी ने अपने मोबाइल से घटना का वीडियो बना लिया था, जिसमें हमलावर दौड़-दौड़कर पिता-पुत्रों के ऊपर लाठियां बरसाते दिखाई दे रहे हैं। कुंवरपाल की तहरीर पर पुलिस ने मनीष, धरेन्द्र उर्फ सोनू, शिवा तथा आशीष के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया था।

एक नामजद आरोपी पीएसी में कार्यरत है। इस प्रकरण में वादी कुंवरपाल ने समझौता कर लिया था। दोनों पक्षों में समझौता हो जाने पर पुलिस ने इस मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। लेकिन मारपीट का वीडियो वायरल होने के बावजूद मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाना विवेचक को भारी पड़ गया। किसी ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से कर दी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने विवेचनात्मक कार्यवाही में लापरवाही बरतने पर विवेचक/उपनिरीक्षक को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

# राहतपुर में क्षेत्र पंचायत सदस्य ने वाल्मीकि मंदिर में कराई मूर्ति स्थापना

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** ग्राम राहतपुर में क्षेत्र पंचायत सदस्य ताजेंद्र कुमार ने श्री वाल्मीकि मंदिर पर शेरावाली मां की मूर्ति स्थापित कराई। मूर्ति स्थापित करने से पहले मां की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पंडित सौरभ के द्वारा की गई। मोटा महादेव मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ कर श्री वाल्मीकि मंदिर राहतपुर पर समाप्त की गई। मूर्ति स्थापित कराने व कलश यात्रा में समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा। ताजेंद्र कुमार ने बताया कि हम समय समय पर क्षेत्र में धर्म व सामाजिक कार्यों में अपना पूर्ण सहयोग देते रहते हैं और आगे भी इसी प्रकार हम इस तरह के कार्य करते रहेंगे, यात्रा के दौरान तजेंद्र कुमार, विजय पाल, राजकुमार, सोनू डॉ. चरण सिंह, कपिल राजपूत, संगीता, रीना, बिना, पूजा व समस्त ग्रामवासियों का हमें पूर्ण रूप से सहयोग मिला। मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में मंदिर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।


मूर्ति स्थापना के मौके पर कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं।



## प्रधान पद प्रत्याशी ने जेसीबी से हटवाया कूड़ा

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** ग्राम पंचायत मंडावली के प्रधान प्रत्याशी मुजाहिद अली मकरानी ने गांव के मुख्य मार्ग पर सफाई अभियान चलवाकर जेसीबी की मदद से कूड़ा हटवाया। मंडावली में जूनियर हाईस्कूल के पीछे का रास्ता गांव का मुख्य रास्ता है, वहां एक ओर कूड़ा पड़ा होने के कारण गंदगी हो रही थी। ग्राम प्रधान प्रत्याशी मुजाहिद अली मकरानी ने सफाई अभियान चलाया और वहां पड़ा कूड़ा हटवाकर सफाई कराई। इससे पूर्व में भी उनके द्वारा समय समय पर गांव में अनेक सामाजिक कार्य कराए गए है। उनके द्वारा कराए गए इस कार्य की नरेंद्र शर्मा, नरेश कर्णवाल, राजकुमार प्रजापति, अर्जुन सिंह, पंडित महेश शर्मा, भूपेंद्र सिंह, अर्पण, मुस्तकीम, जैनुल मकरानी, सलीम आदि ग्रामीणों ने सराहना की।

## महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन को सम्मानित किया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** श्री महावीर जयंती के शुभ अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में आयोजित महावीर जयंती कार्यक्रम में श्रीमती संगीता जैन (सदस्या राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश सरकार) उपस्थित रहीं। समाज के सदस्यों ने उनका स्वागत किया तथा महिला मंडल की सदस्य श्रीमती कुमकुम जैन, श्रीमती संगीता जैन एवं रश्मि जैन ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपमंत्री निशु जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, संतोष जैन, पुनीत जैन, सिद्धार्थ जैन, अनूप जैन, विकास जैन, राहुल जैन आदि समाज के सदस्य उपस्थित रहे।



# संसद में गूंजा बिजनौर में आदमखोर गुलदार का आतंक

## सपा सांसद रुचि वीरा ने उठाया मुद्दा

## विशेष टास्क फोर्स बनाने व पीड़ित परिवारों को 25 लाख मुआवजा देने की मांग की



**बिजनौर (चिंगारी)।** मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने बिजनौर जिले में बढ़ते आदमखोर गुलदार के आतंक का मुद्दा संसद में जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार हो रहे गुलदार के हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोग भय के साए में जीवन यापन करने को मजबूर हैं।

सांसद ने संसद में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 से अब तक बिजनौर में गुलदार के हमलों में 30 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। हाल ही में बढ़ापुर क्षेत्र के चौहड़वाला गांव की क्रांति देवी की गुलदार के हमले में मौत हो गई। इसके अलावा जमुनावाला गांव में भी एक महिला को गुलदार ने अपना शिकार बनाया।

रुचि वीरा ने कहा कि लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन किया जाए, प्रभावित गांवों में पिंजरे लगाए जाएं और ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी बढ़ाई जाए। सांसद ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता बढ़ाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि गुलदार के हमलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को कम से कम 25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। सांसद के इस मुद्दे को संसद में उठाने के बाद क्षेत्रीय लोगों को उम्मीद है कि अब इस समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारे आती-जाती रहती हैं, प्रशासन निष्पक्ष रहे- राहुल



**बिजनौर (चिंगारी)।** बहुचर्चित खालिद बंधु प्रकरण को लेकर जिले की सियासत गर्मा गई है। समाजवादी पार्टी के नेता राहुल सिंह ने मामले की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'जुल्म की इंतेहा' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक मामूली विवाद को जानबूझकर राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। प्रशासनिक कार्रवाई भी पक्षपातपूर्ण नजर आ रही है। राहुल सिंह ने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भाजपा के पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह तालिब बंधुओं की आरामशीन पर क्यों गए। उन्होंने कहा कि न तो अधिकारियों को उन्हें साथ ले जाना चाहिए था और न ही पूर्व सांसद को वहां जाना चाहिए था। इस पूरे घटनाक्रम से निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं। सपा नेता ने आरोप लगाया कि मामले में तालिब बंधुओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया, जबकि वे पहले भी जेल जा चुके हैं। उन्होंने इसे गलत परंपरा बताते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाई न्याय व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। राहुल सिंह ने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन प्रशासन को निष्पक्ष और न्यायपूर्ण तरीके से कार्य करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए, ताकि जनता का भरोसा बना रहे।



# तीर्थयात्रियों का टाटा मैजिक डिवाइडर से टकराकर हाईवे पर पलटा, कई घायल



**शेरकोट (चिंगारी)।** नेशनल हाईवे पर टायर फटने से अनियंत्रित हुआ तीर्थयात्रियों से भरा वाहन (टाटा मैजिक) डिवाइडर से टकराकर पलट जाने से उसमें सवार आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। इस घटना से मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस ने सभी घायलों को उपचार हेतु सीएचसी अफजलगढ़ पहुंचा दिया। जानकारी के अनुसार जनपद संभल और अमरोहा के अलग-अलग स्थानों पर रहने वाले लगभग दो दर्जन से अधिक महिलाएं, पुरुष और बच्चे बृहस्पतिवार की शाम साढ़े चार बजे टाटा मैजिक में सवार होकर हरिद्वार से काशीपुर जा रहे थे। जब ये हाईवे पर स्थित रामगंगा पुल के पास पहुंचे तो अचानक इनकी गाड़ी का टायर फट गया, जिससे अनियंत्रित हुई गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस दौरान वहां से गुजरने वाले राहगीरों द्वारा पलटे वाहन से उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और थाना शेरकोट और अफजलगढ़ की एम्बुलेंस द्वारा सभी घायलों को उपचार हेतु सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया। इस घटना में अजय कुमार दोराहा रहरा अमरोहा, ज्योति रानी कल्याणपुर नखासा सम्भल, प्रियंका रसूलपुर धनौरा अमरोहा, अमित कुमार रजपुरा सम्भल, शारदा देवी दोराहा सम्भल, भुरिया देवी दोराहा सम्भल घायल हो गए। जबकि उमेश, वाणी, दीपचन्द, अनुज, सुनीता आदि चोटिल हो गए। यात्रियों के अनुसार वे नागरकोट धाम हिमाचल प्रदेश से घूमकर हरिद्वार से अब काशीपुर जा रहे थे। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दुर्घटना में किसी को गम्भीर चोट नहीं लगी है। गाड़ी हटवाकर हाईवे पर यातायात व्यवस्था सुचारू करा दी गई है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया




**चांदपुर (चिंगारी)।** क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई की गई। अपने संबोधन में स्कूल के मैनेजर हसीनुद्दीन ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करती है। हमारे विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देना है। वाइस मैनेजर मरगूब अहमद ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करते रहने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी। विद्यालय के प्रिंसिपल नदीम बख्त व एकेडमिक हेड शहजाद खान ने शानदार परीक्षा परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग को दिया।

# डीएम ने किया तरणताल का शुभारंभ


नारियल फोड़ते हुये डीएम।

**बिजनौर (चिंगारी)।** बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नेहरू स्टेडियम में स्थित तरणताल का शुभारम्भ नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि तरणताल न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर है, बल्कि युवाओं में स्वास्थ्य और अनुशासन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में यहां से उत्कृष्ट खिलाड़ी तैयार होकर सम्पूर्ण भारत में जिले का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने कहा कि उनका प्रयास है कि अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ना और उन्हें बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराना है, जिससे वे अपनी प्रतिभा का खासा प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर कार्यालय सहायक हिमांशु कुमार, हॉकी कोच चित्रा चौहान, अंशु चौधरी, शुभम तोमर, जितेंद्र गुप्ता, सवागालम, हिमांशु और जीवन रक्षक सहित कई गणमान्य व्यक्ति और खिलाड़ी मौजूद रहे।

## श्रद्धापूर्वक मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** बालाजी धाम हीमपुर दीपा में श्री हनुमान जन्मोत्सव आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड हनुमान चालीसा पाठ और हवन पूजन कर भगवान को भोग लगाया गया। तत्पश्चात एक विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें गांव और क्षेत्र से आए बाबा बजरंग बली के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में पं. कमलेश शर्मा, सेठ भागमल, बंसल लाल, सुबोध कुमार आदि सेवा में रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ हवन, भण्डारा व बाला जी का कीर्तन



**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर सहित पूरे क्षेत्र में हनुमान जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर हवन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नगर में नेहरू चौक के नजदीक स्थित माता भूमिया देवी संकट मोचन हनुमान मंदिर में सुबह के समय हवन व सुंदरकांड का पाठ हुआ तथा दोपहर में विशाल भंडारा हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में बालाजी का कीर्तन हुआ। इस अवसर पर अनिल पांडे, डा. भूपेन्द्र सिंह तोमर, अनुराग अग्रवाल, विकास गुप्ता रॉकी, मनोज शर्मा, अजय शर्मा, विशाल शर्मा सभासद, सौरभ राणा, राजकुमार बंसल, चौ. वीर सिंह, सभासद मंदीप चौधरी, आशू गोयल आदि मौजूद रहे। नगर में शंकर मूर्ति के नजदीक स्थित बालाजी मंदिर में भी हनुमान जयंती पर विशाल भंडारा हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया



**सहसपुर (चिंगारी)।** पीएम श्री समग्र विद्यालय मेवा नवादा में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत गीत के साथ किया गया। कक्षा एक से कक्षा 8 तक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों में तनिष्क, नाहिद, अजमल, जेबा, वैष्णवी, आलिया, दीपा, धानी शर्मा, देव आहिनूर, माही, निकिता, अलीशा, हुमेरा परवीन, यश कुमार, फायजा, गुलनाज निशा, आयशा, खिजरा फुरकान शामिल रहे। प्रधानाध्यापिका श्रीमती निशात अफरोज ने सभी मेधावी छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ श्रीमती निशात अफरोज, शहजाद अहमद खान, निलेश कुमार सिंह, नवनीत सिंह, सतपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, विनेश कुमार सिंह, श्रीमती योगेश सभी का पूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान संजीव कुमार यादव ने की तथा मंच संचालन निलेश कुमार सिंह सहायक अध्यापक ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था नवनीत सिंह सहायक अध्यापक ने की।

# प्रमेंद्र तोमर का गांव पहुंचने पर हुआ स्वागत



**चांदपुर (चिंगारी)।** पीसीएस में चयनित होकर गांव का नाम रोशन करने वाले प्रमेंद्र तोमर का अपने गांव पीपलसाना पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा फूलमाला पहनाकर उनका भव्य स्वागत सम्मान किया गया। युवा रालोद नेता हनी तोमर ने प्रमेन्द्र तोमर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह का चित्र देकर उनसे अपना कार्य पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करने का आह्वान किया। सांसद चंदन चौहान ने भी फोन पर प्रमेन्द्र तोमर से बात कर उनको बधाई व आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नगीना में बालाजी धाम पर हुआ भव्य आयोजन

## बालाजी के भजनों पर जमकर थिरके सेवादार





श्री बालाजी सेवा मंडल द्वारा आयोजित संकट मोचन यज्ञ में हिस्सा लेते श्रद्धालु। शोभायात्रा के दौरान भगवान हनुमान जी के दरबार में आशीर्वाद लेते पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी।

## निकाली गई हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा

**नगीना ( चिंगारी )।** श्री बालाजी सेवा मंडल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर संकट मोचन हवन यज्ञ, सुन्दर काण्ड एवं भंडारे का आयोजन किया गया। विशेष आरती के बाद भोग प्रसाद का वितरण हुआ।शाम को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

बृहस्पतिवार की सुबह बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वर नाथ में स्थित श्री बालाजी दरबार में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन गद्दी धारी गुरुजी सचिन अग्रवाल डिंपल के नेतृत्व में किया गया। मन्दिर के पुजारी पंडित डॉ.विपिन चन्द्र त्रिपाठी ने गुरुजी सचिन अग्रवाल, सीतांशु अग्रवाल, अतुल भारद्वाज, रितेश जैन, घनश्याम सैनी, रोहन अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, नंदलाल, मुकेश राजपूत, सभासद गोपाल शर्मा,रोहित गुप्ता, पंडित सचिन शर्मा आदि श्रद्धालुओं की उपस्थिति में बालाजी महाराज का संकटमोचन भव्य हवन यज्ञ संपन्न कराया। उसके बाद भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद चखा। इस मौके पर विकास गुप्ता विक्की,सार्थक गुप्ता,धर्मेंद्र पारस,विनोद वर्मा,राजमणि कुदेशिया आदि मौजूद रहे।उधर शाम को भगवान हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा मुख्य मार्गो पर पर निकाली गई। शोभा यात्रा में पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थाना अध्यक्ष अवनीत मान,विहिप नेता प्रदीप गर्ग,भाजपा नेता लवी मित्तल,पंडित सचिन शर्मा,गौरव शर्मा,अविरल मित्तल, साहू सुयश अग्रवाल,साहू अनुभव अग्रवाल, डॉ.भूपेश चौहान,साहू कपिल अग्रवाल,अमित जैन विक्की,अतुल भारद्वाज,रितेश जैन,सार्थक गुप्ता, अनंत जैन आदि मौजूद रहे।

### चेयरपर्सन पुत्र ने किया स्वागत

**शोभायात्रा का नगर पालिका गेट पर पालिका चेयरपर्सन के पुत्र शेख से सहराज खलील ने अपने समर्थकों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने शोभायात्रा में शामिल लोगों को पानी की बोतल व सोफ मिश्री खिलाकर स्वागत किया।**



**नगीना में हनुमान जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत करते चेयरपर्सन के पुत्र शेख सहराज खलील।**

# रोडवेज व पीडब्ल्यूडी की टीम ने क्रिकेट मैच जीते

नजीबाबाद (चिंगारी)। नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा स्टैब्स ग्राउंड में आयोजित नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन-4 क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन रोडवेज व डाक विभाग की टीम के बीच पहले मुकाबला रहा। मुकाबले में रोडवेज टीम ने मैच जीत लिया। परिवहन निगम के एआरएम सत्यम सिसोदिया ने झंडारोहण गया एवं प्रकृति अग्रवाल, शगुन प्रजापति, मायांशी कश्यप, यशस्वी, ईशानी, परविंदर कौर, इशिका आदि द्वारा राष्ट्रगान गया। जिसके बाद दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी गई। अंपायर फाजिल अली व विनीत कुमार की निगरानी में दोनों टीम के बीच मैच खेला गया। रोडवेज टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया तथा 10 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 219 रन बनाकर जीत हासिल की। डाक विभाग की टीम 17.4 ओवर में 188 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। हाजी मोहम्मद विसाल व राजा अंसारी पूर्व चेयरमैन नहटौर ने संयुक्त रूप से रोहित को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी व हर्षित को फाइटर ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी। टूर्नामेंट में मौ अहसान व सुखदेव सिंह द्वारा मैच की शानदार कमेंट्री की गई। सेमीफाइनल में पहला मैच बैंक विभाग व पीडब्ल्यूडी के बीच खेला जाएगा तथा दूसरा मैच बार एसोसिएशन व रोडवेज के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल 5 अप्रैल 2026 को होगा। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, अल्ताफ हुसैन, दानिश मंसूरी, विनीत कुमार विक्की, आदित्य विक्की, सलमान कुरैशी एडवोकेट, जावेद, खुर्शीद, रोबिन, परवेज, हिना अग्रवाल, विनीता आदि मौजूद रहे।



# दिव्यांशु हत्याकांड को लेकर देहरादून कूच, बिजनौर से भाकियू का बड़ा जत्था रवाना



## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग तेज, महापंचायत में राकेश टिकैत करेंगे संबोधन

बिजनौर (चिंगारी)। दिव्यांशु हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने आंदोलन तेज कर दिया है। राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर जनपद बिजनौर से बड़ी संख्या में किसानों का जत्था देहरादून में आयोजित महापंचायत में शामिल होने के लिए रवाना हुआ। भाकियू नेताओं का कहना है कि दिव्यांशु हत्याकांड के आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जो कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। महापंचायत के माध्यम से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को जोरदार तरीके से उठाया जाएगा। देहरादून में होने वाली इस महापंचायत को भाकियू के राष्ट्रीय नेता चौधरी राकेश टिकैत संबोधित करेंगे, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों के जुटने की उम्मीद है। पंचायत में आगे की रणनीति पर भी विचार किया जाएगा। बिजनौर से रवाना हुए जत्थे में जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान, मोनू प्रधान, रजनी सलावत, यीशु राणा, विनीत कुमार, याकूब, नितिन, अशोक कुमार, कल्याण सिंह, विकास कुमार, मुनेंद्र सिंह काकरान, अरुण कुमार, कोमन सिंह समेत कई किसान नेता और कार्यकर्ता शामिल हैं। किसानों में इस मामले को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शनिवार, 4 अप्रैल 2026**

मेष- बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार पर, प्रियजनो से वांछित सहयोग, संभावित यात्रा संतोषजनक।

वृषभ- आरोग्य सुख, व्यापार में विस्तार, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, निजी जिन्दगी में सुख सुविधा के जरूरी साधन सुलभ, आपनी सौहार्द मन प्रसन्न।

मिथुन- आज दिन 6/29 बजे तक निराशाजनक, प्रगति का प्रयास असफल, लाभ में कमी, मन उदास, शेष समय में बुद्धि चातुर्य से कार्य सिद्धि, शत्रु परास्त, मित्रों से विचार विमर्श।

कर्क- आज दिन 6/29 बजे तक समय भाग्य के पक्ष में, सद्विचारों का उदय, पुराने विवाद का समापन, यात्रा भी, शेष समय में कठिनाइयाँ प्रभावी, कार्य की अधिकता।

सिंह- योजना को कार्यान्वित करने का सुयोग, स्वास्थ्य में सुधार, आकस्मिक लाभ, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

कन्या- आरोग्य सुख, व्यापारिक उन्नति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, नौकरी में स्थानान्तरण का मसला हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिणय के क्षेत्र में अनुकूलता।

तुला- आज दिन 6/29 बजे तक कठिनाइयों से परेशानी, दूसरों के चक्कर में स्वयं की हानि, शेष समय बेहतर, प्रगति हेतु विचार विमर्श, गलत फहमियाँ दूर, लाभ भी।

वृश्चिक-आज दिन 6/29 बजे तक गृहयोग पक्ष में, कार्य क्षमता में वृद्धि, वाहन से सुख, शेष समय में निराशा, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, यात्रा में असंतोष।

धनु- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में प्रगति का सुअवसर, वैवाहिक सम्बन्धों में सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, पठन-पाठन में अभिरुचि, सद्विचारों का उदय।

मकर- योजना साकार करने की दिशा में प्रयास, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, लाभ।

कुम्भ- आज दिन 6/29 बजे तक समय अशुभ बहु प्रतिक्षित योजना अधूरी, प्रियजनों से अनबन, शेष समय भाग्य के पक्ष में, कार्य सिद्धि का सुयोग, आय के नवीन स्रोत।

मीन- आज दिन 6/29 बजे तक दिनमान अनुकूल, शारीरिक सुख, पारस्परिक संबंधों में प्रगाढ़ता, शेष समय में लेन-देन में जोखिम से हानि, घरेलु सुख में दिक्कतें।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# टीएमयू में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यूयू ललित का सार्थक संवाद

## युवाओं से किया आह्वान, वे संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करें
## न्यायपालिका की समानता, न्याय और विकास में अहम भूमिका
## ईडी श्री अक्षत जैन ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश को बताई टीएमयू की उपलब्धियां

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति श्री उदय उमेश ललित ने कहा, न्यायपालिका केवल न्याय प्रदान करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह संवैधानिक मूल्यों की संरक्षक और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरक शक्ति भी है। भारतीय न्यायपालिका ने देश में लोकतंत्र को सुदृढ़ करने और समावेशी विकास को गति देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया, वे संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करते हुए नैतिक नेतृत्व अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। न्यायमूर्ति श्री ललित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की ओर से फ्रॉम कोर्ट रूम टू नेशन बिल्डिंग: लीडरशिप लेसन फ्रॉम द ज्यूडिशरी पर लीडरशिप टाक सीरीज़ के सेशन- 18 में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री उदय उमेश ललित, टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरवंश दीक्षित आदि ने दीप प्रज्वलित करके टाक सीरीज़ का ऑडी में शुभारम्भ किया। टाक सीरीज के बाद टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने प्रशासनिक भवन में चीफ गेस्ट न्यायमूर्ति श्री उदय उमेश ललित को बुके और स्मृति चिन्ह देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। ईडी श्री अक्षत जैन ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश को यूनिवर्सिटी की उपलब्धियां बताईं।



जस्टिस यूयू ललित का स्वागत करते हुए सुरेश जैन व अक्षत जैन।

पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति श्री ललित ने संविधान के अनुच्छेद 31ए, 31बी एवं 31 सी का उल्लेख करते हुए बताया कि इन प्रावधानों ने भूमि सुधार और जनकल्याणकारी नीतियों को लागू करने में सहायता की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में श्रीमती मेनका गांधी के प्रयासों का उल्लेख करते हुए दिल्ली में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने हेतु न्यायालय के निर्देशों के बाद सार्वजनिक परिवहन को सीएनजी में परिवर्तित किए जाने का उदाहरण भी दिया। उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण जैसी संवैधानिक व्यवस्थाओं को सामाजिक न्याय की दिशा में एक प्रभावी कदम बताया।

न्यायमूर्ति श्री ललित ने तीन तलाक़ कानून पर बेहद संक्षिप्त एवं सारगर्भित बोलते हुए कहा, न्यायपालिका की ओर से तीन तलाक़ को असंवैधानिक घोषित करने से मुस्लिम महिलाओं को न्याय, सम्मान और समान अधिकार प्राप्त हुए, जिससे उनकी राष्ट्र निर्माण में भागीदारी और अधिक सशक्त हुई। उल्लेखनीय है, तीन तलाक़ को असंवैधानिक पारित करने वाली पांच सदस्यीय बेंच में न्यायमूर्ति श्री यूयू ललित भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्तर तक नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाया जाना लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय है, जिससे प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित हुआ है।

# युद्ध से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करेंगे स्वदेशी मंत्र से

## सम्मान और आत्मनिर्भरता से जीने का मार्ग है स्वदेशी- सतीश कुमार



श्री सतीश कुमार का स्वागत करते हुए अनिल गंभीर व सुरेंद्र कपूर



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बुधवार को जैन धर्मशाला बिजनौर में स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें अखिल भारतीय प्रवास के क्रम में राष्ट्रीय सहसंगठक श्री सतीश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन में उपस्थित व्यापारी वर्ग, मातृ शक्ति और स्वदेशी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये अपने दैनिंदिन जीवन में पेस्ट, साबुन, डिटरजेंट और घरेलु उपयोग की सभी वस्तुएं स्वदेशी कंपनी की प्रयोग का आह्वान किया। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं का उपभोग कर देश की अर्थ व्यवस्था को बल प्रदान करने के लिए सहयोग की मांग की। स्वदेशी आंदोलन को सहयोग करने के लिए सभी समाज से छोटी-बड़ी राशि ऑनलाइन mysba.com पर समर्पण करने का आग्रह किया। प्रान्त संयोजक स्वदेशी जागरण मंच प्रशान्त महर्षि के संचालन में हुये इस कार्यक्रम को क्षेत्र समन्वयक स्वाबलंबी भारत अभियान कुलदीप सिंह, प्रान्त पूर्णकालिक विजेंदर सिंह, जिला संयोजक अजय वत्स आदि ने संबोधित किया। बिजनौर में कार्य वृद्धि के लिए नजीबाबाद के नगर संयोजक श्री अभय मित्तल को जिला वरिष्ठ नागरिक आयाम प्रमुख, श्रीमती मनुश्री अग्रवाल को जिला महिला आयाम प्रमुख और श्रीमती रीता शर्मा को जिला सहसमन्वयक स्वाबलंबी भारत अभियान घोषित किया गया। कार्यक्रम में सर्वश्री अनिल गंभीर, सुरेंद्र कपूर, राजकुमार गोयल, खगेश शर्मा, प्रो. जीआर गुप्ता, सुरेंद्र प्रकाश भटनागर, नवीन धारीवाल, जितेंद्र चौधरी आदि ने भाग लिया। मातृशक्ति के रूप में पूनम गोयल, निधि वर्मा, पांडेय, पूनम शर्मा आदि अपनी सहयोगियों के साथ उपस्थित रहीं। श्री सतीश त्यागी, कौशल किशोर शर्मा, दीपक अरोड़ा, गोल्डी आदि का व्यवस्थाओं में सहयोग रहा।

# गर्मियों में विद्यालय पांच घंटे संचालित कराने की मांग

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से सम्बद्ध प्राथमिक शिक्षक संघ ने गर्मियों के समय में विद्यालय 5 घंटे संचालित किये जाने की मांग करते हुए समय परिवर्तन की मांग की है। नजीबाबाद निवासी संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन ने प्रदेश के बेसिक शिक्षामंत्री को लिखे अपने पत्र में आरटीई एक्ट का हवाला देते हुए गर्मियों में विद्यालय 5 घंटा संचालित किये जाने का उल्लेख करते हुए भीषण गर्मी, लू आदि से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए विद्यालय समय 7.30 से 12.30 किये जाने की मांग की है।

# निजी स्कूलों के संचालक कर रहे अभिभावकों का शोषण

## पूर्व सैनिकों ने डीएम को भेजा शिकायती पत्र

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने निजी विद्यालयों पर अभिभावकों के शोषण का आरोप लगाया है। कहा कि पुस्तक व कॉपी खरीदने के नाम पर अभिभावकों को परेशान किया जा रहा है। निर्धारित दुकानों से ही सामान खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के सदस्यों ने स्थानीय प्रशासन के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार निजी विद्यालयों की मनमानी पर लगाम नहीं लगा पा रही है। कहा कि वर्तमान में निजी विद्यालयों में नई कक्षाओं में प्रवेश चल रहा है। निजी विद्यालयों के संचालकों ने अपने निजी हित के लिए बाजार में दुकानें भी निर्धारित कर रखी है, जहां से वे अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए कापी किताबें खरीदने के लिए मजबूर कर रहे है। कहा कि नर्सरी से लेकर पहली कक्षा तक के बच्चों की कापी किताबें दो से तीन हजार तक पड़ रही है, वहीं कक्षा दो से लेकर पांचवी कक्षा तक पांच हजार व 9वीं कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक बच्चों की किताब कापी का सेट दस हजार रूपये तक में दिया जा रहा है, वहीं एनसीईआरटी की किताबों का सेट छह सौ रूपए लेकर एक हजार तक मिल रहा है। लेकिन, निजी विद्यालयों के संचालक अभिभावकों को निर्धारित दुकानों से ही कापी किताब खरीदवा रहे हैं। कहा कि निर्धारित दुकानों के दुकानदार अभिभावकों को पक्के बिल की बजाए सादे कागज पर बिल बनाकर दे रहे है, जिससे स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि टैक्स की चोरी की जा रही है। उन्होंने मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत, राजेश बिष्ट, मेहरबान सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह बिष्ट, मदन सिंह नेगी, नंदन सिंह रावत और अनुसूया प्रसाद सेमवाल शामिल रहे।

# 15 लाख की साइबर ठगी करने वाला झारखण्ड से गिरफ्तार



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सौ गुना मुनाफे का लालच देकर धुमाकोट निवासी दिनकर कुमार पोखरियाल से 15 लाख की साइबर ठगी करने वाले जयंत ताराचंद अन्नपूर्णे को पुलिस ने रांची से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी सर्वेश कुमार ने पुलिस टीम को ढाई हजार का नगद इनाम देने की घोषणा की है। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज ठाकुर ने बताया कि दिनकर कुमार पोखरियाल ने थाना धुमाकोट में शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने आनलाइन ट्रेडिंग व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर इन्वेस्ट करने पर 700 परसेंट का फायदा दिलाने के नाम पर 15,24,496/- रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली है। शिकायत पर पुलिस ने सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने एएसपी मनोज ठाकुर, पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष सुनील पंवार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर प्रकरण जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। पुलिस ने साइबर ठगी गैंग का भंडाफोड़ करते हुए मास्टरमाइंड जयंत ताराचंद अन्नपूर्णे पुत्र ताराचंद तुकाराम नागपूर, महाराष्ट्र को गिरफ्तार प्रचार कर लिया है।

# बच्चों का स्कूल में करायें प्रवेश रैली निकालकर दिया संदेश

**कोटद्वार ( चिंगारी )। भाबर क्षेत्र स्थित राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर सिगड्डी में प्रवेशोत्सव के तहत शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित करना रहा। रैली का नेतृत्व गणित शिक्षक राजीव शर्मा ने किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने जयदेवपुर, लोकमणिपुर, मनदेवपुर, श्रीरामपुर, भूदेवपुर, चिल्लर खाल एवं नई बस्ती क्षेत्रों में घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क किया और अभिभावकों से कक्षा 6 से 12 तक की कक्षा में अपने पाल्यों के नामांकन की अपील की। इस दौरान अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जानकारी दी गई।**

# विथ्याणी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति द्वार का हुआ लोकार्पण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** यमकेश्वर विधान सभा के विथ्याणी में आयोजित कार्यक्रम में जिलापंचायत सदस्य कविता डबराल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति द्वार का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यमकेश्वर क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश की आजादी के संघर्ष में बहुमूल्य योगदान दिया, ये महान विभूतियां हमारी धरोहर और विरासत हैं, इसलिए इस स्मृति द्वार को संजोकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। कहा कि स्मृति द्वार के करीब ही क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम की एक पट्टिका भी स्थापित की गई है, जिसमें क्षेत्र के गांवों के सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम शामिल किए गए हैं। यह पट्टिका भी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी, ऐसा उन्हें विश्वास है। पट्टिका में शामिल स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पढ़कर आम जन संग्राम में उनके योगदान को याद करते रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, ग्राम प्रधान बिथ्याणी पूनम देवी, पूर्व जिपं सदस्य डा. मीरा रतूड़ी, पूर्व जलपंचायत सदस्य, विपिन नेगी, प्रेम लाल बडोला, हरिप्रसाद केष्टवाल, युगल किशोर बडोला और कोमल रावत सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रोफेसर बसंतिका को भावभीनी विदाई दी

**कोटद्वार ( चिंगारी )। कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ प्रोफेसर बसंतिका कश्यप उच्च शिक्षा में 28 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। महाविद्यालय के प्राध्यापकों तथा शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ, शॉल व अन्य उपहार भेंट कर उनकी सेवाओं को याद किया गया। प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने प्रो. बसंतिका कश्यप की सेवाओं को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। प्रो. बसंतिका कश्यप ने भी महाविद्यालय में बिताए समय को याद किया और सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्टाफ क्लब के सचिव डा. जुनीष कुमार, कोषाध्यक्ष डा. संदीप कुमार, प्रोफेसर रमेश सिंह चौहान, प्रोफेसर आदेश कुमार और डा. राखी डिमरी सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।**

# सिद्धबली मंदिर में बजरंगबली को चढ़ाया गया चोला

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्कूलों व मंदिरों में हनुमान चालीसा व बजरंग बाण का पाठ किया गया। इस अवसर पर एमकेवीएन ग्रुप आफ स्कूल्स में हनुमान चालीसा व बजरंग बाण का पाठ किया गया। इस दौरान छात्रों को हनुमान जयन्ती के महत्व पर जानकारी दी गई और उनकी परोपकार की भावना को अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं श्री सिद्धबली मंदिर में भी विभिन्न पाठों का आयोजन किया गया। मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। भक्तों ने बजरंगबली का दर्शन कर उन्हें सिंदूर, चमेली का तेल और चोला अर्पित किया। वहीं इससे पहले देवी मंदिर से सिद्धबली मंदिर तक शोभा यात्रा भी निकाली गई। भक्तों ने बजरंगबली के दर्शन कर भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया।

# प्राथमिक विद्यालय कोटलमंडा का धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत स्थित राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय कोटलमंडा का आठवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में छात्रों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वार्षिकोत्सव का आरंभ खंड शिक्षा अधिकारी डा. सुरेन्द्र सिंह नेगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। प्रधानाध्यापिका आशा बुड़ाकोटी ने विद्यालय में किये जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट की। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत हनुमान चालीसा, 'मोबाइल फोन की लत' विषय पर नुक्कड़ नाटक और गढ़वाली गानों पर नृत्यों की प्रस्तुतियां दी। मौके पर स्वर्गीय गोवर्धन प्रसाद भारती निवासी कोटलमंडा की स्मृति में दी जाने वाली छात्रवृत्ति का वितरण भी किया गया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह नेगी ने विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए जा रहे नवाचारों सहित विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ व अभिभावक मौजूद रहे।

# बदहाल हो रहा सरकारी अस्पताल, शीघ्र सुधारो इसका हाल

## समाज सेवियों ने धरना देकर की मांग



कोटद्वार स्थित सरकारी अस्पताल की बदहाली पर अस्पताल परिसर में समाज सेवियों ने दिया धरना

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार के सरकारी अस्पताल की बदहाली को लेकर समाजसेवियों ने अस्पताल परिसर में धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, खराब एमआरआई मशीन और जर्जर आईसीयू की स्थिति पर नाराजगी जताई। चेतावनी दी कि अस्पताल की बदहाली में सुधार न किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर बेरोजगार संघ के अध्यक्ष राम कंडवाल ने कहा कि अस्पताल आज भी डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है। आईसीयू के हालात भी बदतर हो चुके हैं। कोटद्वार और पहाड़ के लोगों को इलाज के लिए बिजनौर, हरिद्वार और देहरादून जाना पड़ रहा है। राज्य आंदोलनकारी रमेश भंडारी ने कहा कि यदि शीघ्र समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो शहर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया जाएगा। समाजसेवी मनमोहन खंतवाल ने अस्पताल की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि बेस अस्पताल अब रेफर केंद्र बन चुका है। कई मरीज रेफर होने से पहले ही दम तोड़ रहे हैं। यह दुखद और चिंताजनक स्थिति है। मौके पर स्वास्थ्य विभाग से अस्पताल में डॉक्टरों की नियुक्ति, आईसीयू को सुधारने और एमआरआई मशीन को ठीक कराने की मांग की गई और ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। धरना प्रदर्शन में आशीष बिश्नोई, सौरभ गुसाई और हिमांशु ध्यानी आदि शामिल रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान**।
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी**।
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# बार व बैंच, लोगों को न्याय दिलाने के लिए गंभीर रहे: न्यायमूर्ति फ़ैज़ आलम



नजीबाबाद (चिंगारी)। बार एसोसिएशन नजीबाबाद का गुरूवार को कोटद्वार मार्ग स्थित एक बैंकेट हॉल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मौहम्मद फैज आलम खान मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि बार व बेंच को अपने संबंध आपस में मधुर रखते हुए वादकारियों को जल्द से जल्द न्याय दिलाने चाहिए। उन्होंने कहा कि वादकारी इंसाफ व न्याय मिलने की आस को लेकर इंसाफ के मंदिर तक पहुंचता है, जब उसे समय से इंसाफ व न्याय नहीं मिलता तो उसे मायूसी हाथ लगती है। उन्होंने बार व बेंच से दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ग्रामीणों की भावनाओं को सम्मान देकर समय से न्याय दिलाने के प्रति गंभीर रहने की सलाह दी। न्यायमूर्ति ने बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष कसीम अहमद व महामंत्री नदीम अहमद सहित उनकी टीम को बधाई दी। पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार ने टीम को शपथ ग्रहण कराई। विजय शर्मा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में जिला जज संजय कुमार, अपर जिला जज राम अवतार यादव, एडीजे पास्को पीके शुक्ला, सीजेएम बिजनौर नरेंद्र कुमार, सिविल जज जूनियर डिवीजन एकलव्य सरोज, मौअज्जम खां, अजय गोयल, शमीम अहमद, निसार अहमद, जावेद कमर सिद्दीकी, अब्दुल वफा, अब्दुल गफ्फार, राजेंद्र सिंह, इसरार अहमद, खुर्शीद आलम सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।


Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476


# मैं अपनी कसमसाहट को शब्दों में ढालता हूं



मैं कितने निबन्ध, नाटक, कथाएं और व्यंग्य लिख चुका और कितने और लिखने हैं, कह नहीं सकता। अगणित है मेरा लेखन, क्योंकि लिखना मेरी आदत है, मेरी मजबूरी भी। मजबूरी इसलिये कि जीवन-समर में कूद पड़ने के बाद मैंने अपने चारों ओर जो कुछ देखा और जीवन यात्रा पर बढ़ते हुए जो भोगा, उसने मेरे अन्दर विद्रोह का ज्वालामुखी धधका दिया। सब कुछ असहज पाया तो जी चाहा कि जो कुछ अमानवीय घट रहा है, आदमी को जिस प्रकार भ्रमित किया गया है और किया जा रहा है, उसके विरूद्ध आवाज बुलन्द करूं और यह समझकर कि चाहे मेरी आवाज से भले ही कुछ न बदल पाये, लेकिन यदि मैं पाठकों को ठिठक कर कुछ सोचने को बाध्य कर सकूं तो यह मेरे लेखन की बहुत बड़ी सफलता होगी। न मैंने ख्याति अर्जित करने की लालसा की थी, न साहित्य-जगत के किसी गिरोह का सदस्य बना, जो मेरे नाम को और मेरे लेखन को उछाल सके, मैं तो एक छोटे से ग्राम में जन्म लेकर, एक छोटे से नगर मे आ बसा और बिना फल की आशा किये, लेखन अरम्भ कर दिया और विगत पचास वर्ष से लिख रहा हूं। बहुत कुछ पुस्तकों के रूप में छपना शेष है। मेरा प्रयास है कि सभ्यता, कला और लेखन और शब्द-संसार की प्रगति और विकास की इस यात्रा में मेरे भी शब्द जुड़ें और मेरा जो विश्वास है एक दिन वह आकार धारण करेगा, जो रंग मैं जीवन में भरना चाहता हूं, जिस दिन वह साकार होगा, उससे कोई मुझे भी याद करेगा कि एक साधनहीन व्यक्ति ने संघर्षशील जीवन में ऐसे भी क्षण निकाल ही लिये, जिनमें अपने विचारों को शब्दों का परिधान दिया जा सका। आश्चर्य है कि जितना शिक्षा का प्रसार हो रहा है और ज्ञान और विज्ञान की जितनी परतें खुल रही हैं, उतना ही भ्रम और ढोंग बढ़ रहा है। ऐसा भ्रम होता है कि राक्षस अथवा शैतान जीत रहा है, मानवता और ज्ञान पराजित हो रहे हैं और इसे मैं अपनी असफलता भी मानता हूं। मेरी असफलता का अर्थ ज्योति की पराजय, ज्ञान के पिछड़ते जाने का बोध मुझे अंदर तक सालता है। मेरे अंदर कसमसाहट होती है। मैं उसी कसमसाहट को शब्दों में ढालता हूं। इसलिये मैं लेखन को शब्दों का सरकस लिखता हूं।

– बाबूसिंह चौहान

## स्मृति समारोह

6 अप्रैल 2026, सोमवार
अपराह्न 3:00 बजे से सायंकालीन चाय तक

**स्व. रतनलाल जैन सभागार**
**जैन धर्मशाला, बिजनौर**

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, दो घायल

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना नगीना देहात के ग्राम झक्काकी भदौला निवासी नौशाद, शारिक व हलीमा बाइक से मंडावली क्षेत्र के ग्राम करौली जा रहे थे। ग्राम करौली के पास यूटर्न लेते समय अचानक से कार व बाइक की टक्कर हो गई। जिससे हलीमा गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची मंडावली पुलिस ने हलीमा सहित अन्य दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां पर उपचार के दौरान 38 वर्षीय हलीमा पत्नी रईस की मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि मृतका के परिजन कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की बात करते हुए शव को अपने साथ ले गए।


भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना

"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928